राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 121, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 16 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

सौरभ भारद्वाज ने ट्रेड फेयर में दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन किया .... पेज 03

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय सुविधाओं को नई ऊंचाई देगी योगी सरकार .... पेज 05

दो दिनों में ईंधन नहीं मिलने पर गाजा के अस्पताल काम करना बंद कर देंगे : अल-कैला .... पेज 07

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी मारे गए

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया।
सेना ने यह जानकारी दी। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उरी सेक्टर में सेना और पुलिस के संयुक्त बलों ने घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा,भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सतर्क जवानों ने उरी सेक्टर, बारामूला में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। दो एके राइफल्स, दो पिस्तौल, चार हथगोले और युद्ध जैसे अन्य सामनों की बरामदगी के साथ दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना ने कहा कि अभियान जारी है। उधर, सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों ने कम दृश्यता और खराब मौसम का फायदा उठाने की कोशिश की, जिसे सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा था कि सर्दियों की शुरुआत और भारी बर्फबारी के कारण ट्रैक बंद होने से पहले अधिक आतंकवादियों को घुसपैठ कराने के हमेशा प्रयास होते रहते हैं।




झारखंड के खूंटी में 'जन जातीय गौरव दिवस' और झारखंड स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मुर्मु और शाह ने डोडा बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बस दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। मुर्मु ने अपने शोक संदेश में कहा , जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक बस दुर्घटना में अनेक यात्रियों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के समाचार से मुझे बहुत दुख पहुंचा है। मैं शोक-संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसा, 38 की मौत, 18 लोग घायल

### किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी बस, डोडा में 300 फीट गहरी खाई में गिरी थी





श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सार इलाके में बुधवार को एक बस 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 9 महिलाओं समेत 38 लोगों की मौत हो गई। 18 घायल हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है।

बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। पुलिस और स्थ्रक्र्न की टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव का काम किया।

बस बुरी तरह डैमेज हो गई थी इसलिए इसे काटकर डेड बॉडी और घायलों को बाहर निकालना पड़ा।

घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया है।

इस बीच, डोडा के डीसी हरविंदर सिंह ने कहा कि इस बात की भी संभावना है कि ड्राइवर बस ठीक से ना चला रहा हो। हादसे की जांच 3 सदस्यीय कमेटी करेगी।

### मोदी ने मुआवजे का ऐलान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोडा बस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।

पीएम ने कहा- डोडा बस हादसा दुखद है। इसमें जान गंवाने वालों के परिजन के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

### गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के एलजी ने दुख जताया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू बस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- डोडा बस हादसे के बारे में जानकर आहत हूं। स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## दिल्ली की हवा लगातार तीसरे दिन जहरीली, एक्यूआई 392

### काली धुंध छाई; वैज्ञानिकों का दावा- प्रदूषण से लोगों की उम्र 12 साल कम हो रही

नई दिल्ली। दिल्ली में दीपावली (12 नवंबर) के बाद हवा बहुत खराब है। बुधवार (15 नवंबर) को लगातार तीसरे दिन दिल्ली का ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के ऊपर दर्ज किया गया।
दिल्ली में 13 और 14 नवंबर को शाम 4 बजे एक्यूआई 358 और 397 था। आज सुबह 8 बजे एक्यूआई 392 रिकॉर्ड किया गया। वहीं आनंद विहार में एक्यूआई 430, आर के पुरम में 417, पंजाबी बाग में 423 और जहांगीरपुरी में 428 रहा।
सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, गाजियाबाद में एक्यूआई 362, गुरुग्राम में 322, ग्रेटर नोएडा में 312, नोएडा में 364 और फरीदाबाद में 369 दर्ज किया गया।
दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच शिकागो यूनिवर्सिटी की एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण यहां रहने वाले लोगों की उम्र लगभग 12 साल कम हो रही है।

### बारिश हो जाने से सुधरी थी हवा की क्वालिटी

दिल्ली में 9 और 10 नवंबर को बारिश की वजह से हवा में प्रदूषण का स्तर 50 प्रतिशत कम हो गया था। 11-12 नवंबर को दिल्ली में एक्यूआई 250 से कम था, लेकिन दीपावली के अगले दिन 13 नवंबर को सुबह 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रियल टाइम एक्यूआई 910, लाजपत नगर में 959 और करोल बाग में 779 दर्ज किया गया। यानी 23 घंटे में प्रदूषण 4 गुना से ज्यादा बढ़ गया।
इधर, प्रदूषण के कारण दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में स्पेशल पॉल्यूशन ओपीडी खोलने की तैयारी की जा रही है।



## पंजाब में रेड अलर्ट जारी, उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

शुक्ला होशियारपुर। पराली जलाने पर मुकम्मल रोक लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालना सुनिश्चित कराने हेतु विशेष पुलिस महानिदेशक (एसडीजीपी) कानून-व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है और यदि इसके बावजूद पराली जलाने का कोई भी मामला सामने आता है, तो उसके खिलाफ़ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



गौरतलब है कि प्रदेश के डीजीपी गौरव यादव ने पराली जलाने के विरुद्ध कार्रवाई की निगरानी के लिए शुक्ला को पुलिस नोडल अफ़सर नियुक्त किया था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को हिदायत की गई है कि वह किसानों, नागरिकों और अलग-अलग हितधारकों से सम्पर्क कर उनको पराली जलाने के बुरे प्रभावों संबंधी जागरूक करें और उनको बताएं कि यह कानून का उल्लंघन भी है, जिसके लिए उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। शुक्ला ने होशियारपुर और एस.बी.एस. नगर जिले में पराली जलाने के मामलों का जायज़ा लेने के लिए इन क्षेत्रों का दौरान किया।

## देश में दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य : नरेंद्र मोदी

खूंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को बिरसा मुंडा जयंती पर खूंटी में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में कहा कि इन चार स्तंभों को हम जितना मजबूत करेंगे, विकसित भारत की इमारत भी उतनी ही ऊंची उठेगी। उन्होंने कहा कि चार अमृत स्तंभ में पहला भारत की महिलाएं, हमारी नारीशक्ति है। दूसरा भारत के किसान, हमारे पशुपालक, हमारे मछली पालक,



हमारे अन्नदाता। तीसरा- भारत के नौजवान, हमारी युवा शक्ति और चौथा भारत का मध्यम वर्ग, भारत के गरीब। उन्होंने देश और विशेषकर झारखंड को 50 हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी देश को, विशेषकर झारखंड को 50 हजार करोड़ रुपये की अलग-अलग योजनाओं का उपहार मिला है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की इस पावन भूमि से दो ऐतिहासिक अभियानों की शुरुआत होने जा रही है। पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान, विलुप्त होने की कगार पर खड़ी जनजातियों की रक्षा करेगा, उन्हें सशक्त करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जब उन्हें सबने दिल्ली की गद्दी पर बैठाकर सरकार चलाने का दायित्व दिया, उस दिन से उनका सेवाकाल शुरू हुआ।


### सूरत में सिलेंडर में गैस रिसाव से लगी आग में पांच झुलसे

सूरत। गुजरात में सूरत शहर के सचीन क्षेत्र में बुधवार को एक मकान में सिलेंडर में हुए गैस रिसाव से अचानक लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। पुलिस ने बताया कि सूडा सेक्टर- 2, सांइनाथ सोसायटी प्लॉट-23 स्थित सिरोज स. अंसारी के घर में आज तड़के उनके तीन माह के बालक के लिए दूध गर्म करने के लिए जैसे ही गैस का चूल्हा जलाया, तो गैस सिलेंडर से गैस रिसाव से अचानक आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन इस दौरान सिरोज (27), उनकी पत्नी (21), उनके चार साल का पुत्र, दो साल की पुत्री और तीन माह के पुत्र सहित घर के पांच सदस्य आग की चपेट में आकर झुलस गए।

## प्रियंका और केजरीवाल को चुनाव आयोग का नोटिस

### आज रात 8 बजे तक जवाब देने को कहा; पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का है मामला

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ गलत और अपमानजनक टिप्पणी करने पर प्रियंका गांधी और अरविंद केजरीवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भाजपा ने प्रियंका पर आरोप लगाया था कि उन्होंने मध्य प्रदेश में पीएम मोदी को लेकर झूठे और असत्यापित बयान दिए।
इसके साथ ही भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को लेकर अपमानजनक वीडियो पोस्ट किया है। दरअसल, आप ने 8 नवंबर को अपने एक्स अकाउंट पर पीएम



और गौतम अडाणी को लेकर वीडियो स्टोरी पोस्ट की थी। इसके अगले दिन यानी 9 नवंबर को आप ने मोदी और अडाणी की फोटो पोस्ट की और आरोप लगाया कि पीएम, उद्योगपति के लिए काम करते हैं, लोगों के लिए नहीं।
इन्हीं बातों को लेकर भाजपा ने 10 नवंबर को प्रियंका और केजरीवाल के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की थी। आयोग ने 16 नवंबर को रात 8 बजे तक दोनों नेताओं को जवाब देने के लिए कहा है।

### प्रियंका गांधी से जुड़ा मामला क्या है?

भाजपा का आरोप है कि प्रियंका ने मध्य प्रदेश के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में असत्यापित और झूठे बयान दिए। इससे जनता को गुमराह करने और प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश की गई।
दरअसल, प्रियंका ने सांवेर में कहा था कि मोदी जी जो यह बीएचईएल था, जिससे हमें रोजगार मिलते थे, जिससे देश आगे बढ़ रहा था, इसका आपने क्या किया, किसको दे दिया, बताएं मोदी जी किसको दे दिया, अपने बड़े-बड़े उद्योगपति मित्रों को क्यों दे दिया ? इसी बयान झूठा बताते हुए भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत की है।

**टनल हादसा** — फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के

## उत्तरकाशी टनल हादसा : आज निकाले जा सकते है मजदूर

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर की सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल धंस गई थी। पिछले 89 घंटे से 40 मजदूर अंदर फंसे हुए हैं। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मखाल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है।

फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। नेशनल हाईवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHIDCL), NDRF, SDRF, ITBP, BRO और नेशनल हाईवे की 200 से ज्यादा लोगों की टीम 24 घंटे काम कर



रहे हैं। रेस्क्यू टीम ने 14 नवंबर को स्टील पाइप के जरिए मजदूरों को निकालने की प्रोसेस शुरू की। इसके लिए ऑगर ड्रिलिंग मशीन और हाइड्रोलिक जैक की मदद से 35 इंच के डायमीटर का स्टील पाइप टनल के अंदर डालने की कोशिश की गई। हालांकि, इसमें सफलता नहीं मिली।

रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे पीएओ ने इसके बाद सेना को इसमें शामिल किया। अब सेना अपनी हैवी मशीन से ड्रिलिंग का काम करेगी। सेना का मालवाहक विमान हरक्यूलिस बुधवार को मशीन लेकर चिन्यालीसौर हैलिपेड पहुंचा। यहां से मशीन सिलक्यारा लाई जा चुकी है।

इंजीनियर और ड्रिलिंग एक्सपर्ट आदेश जैन ने बताया- 14 नवंबर तक 6 बार मलबा धसक चुका है और इसका दायरा 70 मीटर तक बढ़ चुका है। पहले जो ड्रिलिंग मशीन लगी थी, केवल 45 मीटर तक ही काम कर सकती है, इसलिए बड़ी मशीन लाई गई है। टनल में फंसे सभी लोग 101 प्रतिशत सुरक्षित हैं। मेरा मानना है कल शाम या रात तक सभी को सुरंग से सुरक्षित निकाल लिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफसरों ने थाईलैंड की उसी कंपनी से सलाह मांगी है, जिसने 2018 में वहां गुफा में फंसे जूनियर फुटबॉल टीम के 12 बच्चों को 2 हफ्ते चले रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला था। यही नहीं, नॉर्वेजियन जियोटेक्नीकल इंस्टीट्यूट के सॉइल-रॉक एक्सपर्ट्स से भी मदद मांगी गई है।

उत्तराखंड डीजीपी अशोक कुमार ने बताया, रेस्क्यू के लिए हैवी ड्रिलिंग मशीन चिन्यालीसौड़ हेलीपैड से सिल्क्यारा सुरंग पहुंच गई हैं। इसे इंस्टॉल करने के लिए बेस तैयार कर लिया गया है। जल्द ही असेंबल करके ड्रिलिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। अंदर फंसे मजदूरों को पाइप के जरिए ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा पीने वाले पाइप में प्रेशर के जरिए चना और मुरमुरा मजदूरों तक पहुंचाया जा रहा है।

## दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी पर भ्रष्टाचार का आरोप

### केजरीवाल ने एलजी से हटाने की सिफारिश की

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार को हटाने की सिफारिश की है। केजरीवाल ने बुधवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना को चिट्ठी लिखकर कुमार पर 897 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।
केजरीवाल ने बताया कि उन्हें नरेश कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। 11 नवंबर को मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी ने 3 दिनों में जांच करवाकर 14 नवंबर को रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी।
सीएम ने बुधवार को एलजी सक्सेना को लेटर लिखकर नरेश कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की। उन्होंने लेटर के साथ जांच रिपोर्ट भी एलजी को भी भेजी है। केजरीवाल ने अपनी विजिलेंस मिनिस्टर आतिशी को निर्देश दिया कि वो जांच रिपोर्ट सीबीआई और ईडी को भी भेज दें।
दरअसल, दिल्ली में बने द्वारका एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण में अनियमितताएं होने की बात सामने आने पर आतिशी ने इस मामले की जांच की। आतिशी ने जांच में पाया कि नरेश कुमार ने अपने बेटे से जुड़ी कंपनियों को 897 करोड़ का फायदा पहुंचाया है।

### आतिशी की रिपोर्ट

आतिशी ने जांच में पाया कि द्वारका एक्सप्रेस-वे के लिए बामनोली गांव की जमीन का अधिग्रहण होना था। बीते 5 साल में इस जमीन का तय मुआवजा 9 गुना तक बढ़ गया। इस जमीन के मुआवजे से जिस व्यक्ति को फायदा हो रहा था, उसके दामाद की कंपनी में चीफ सेक्रेटरी का बेटा करण चौहान काम करता है।
साथ ही चीफ सेक्रेटरी ने बेटे से जुड़ी कई कंपनियों को सरकारी ठेके दिए और अब इनकी भी जांच होगी। जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस मामले में 897 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार किया गया है।
आतिशी ने मंगलवार को सीएम केजरीवाल को इस मामले में 650 पेज की जांच रिपोर्ट सौंपी। इसमें आतिशी ने बामनोली भूमि अधिग्रहण में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने के लिए ईडी और सीबीआई से जांच करने की मांग की है।

नई दिल्ली

गुरुवार 16 नवंबर 2023

Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बस चालक की हत्या: रोडवेज कर्मियों का चक्का जाम

हिसार। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मियों ने बुधवार को हिसार जिले में बसों का चक्का जाम रखा और उसने वीरवार को भी चक्का जाम का ऐलान कर दिया है। रोडवेज कर्मियों ने दीवाली के दिन अम्बाला में रोडवेज चालक की पीट-पीटकर और धारदार हथियारों से हत्या किये जाने के आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार न किए जाने से नाराज हैं। मोर्चा के हड़ताल के आह्वान पर रोडवेजकर्मी बुधवार तड़के दो बजे से ही डिपो में एकत्रित होने शुरू हो गए थे और सुबह पहली बस रोक कर उन्होंने हड़ताल की शुरुआत की। कर्मचारी नेताओं ने बस अड्डे के मुख्य द्वार के पास बैठकर राज्य सरकार, परिवहन मंत्री और अम्बाला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि अम्बाला में हत्या के चार दिन बाद भी आरोपियों का पकड़े नहीं जाना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है। कर्मचारी नेताओं ने दावा किया कि चालक की हत्या करने वाले प्रभावशाली लोग है, इसलिए पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि आरोपी अगर गिरफ्तार नहीं हुये तो वीरवार को भी बसों का चक्का जाम रखा जाएगा।

### कांग्रेस वादे नहीं, गांरटी दे रही है: गहलोत

अजमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस वादे नहीं कर रही, गारंटी दे रही है। गहलोत अजमेर में कांग्रेस गारंटी यात्रा जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने पांच साल शानदार काम किया। इसलिये हमें वोट मांगने का भी अधिकार है। मुझे पूरा विश्वास है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी, तब जनकल्याण की योजनाओं को और मजबूत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार ने विकास के कामों में कोई कमी नहीं रखी। यही कारण रहा कि आजादी के बाद राजस्थान कांग्रेस सरकार की नीति और योजनाओं की पूरे देश में चर्चा है। विरोधी पार्टियां भी हमारी योजनाओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमने जो कहा करके दिखाया, जो वादा किया उसे भी पूरा किया। कामों की कमी नहीं रखी, आज योजनाएं घर घर पहुंच चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात को दोहराया कि राज्य में प्रधानमंत्री आओ या अमित शाहजी। कांग्रेस सरकार की सात गारंटी योजना जनता के लिये है और उन्हें इसका लाभ फिर से कांग्रेस शासन के आते ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि विरोधी हमारे फैसले से घबरा गये हैं।

### श्री आदि केदारेश्वर, आदि गुरू शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद हुए

श्री बदरीनाथ धाम/देहरादून। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर से शीतकाल हेतु बंद हो रहे है। इसी क्रम में मंगलवार से पंच पूजायें शुरू हो गयी हैं। कल पहले दिन पूजा अर्चना के बाद श्री गणेश जी मन्दिर के कपाट बंद हुए। जबकि बुधवार अपराह्न दो बजे श्री आदि केदारेश्वर मंदिर के साथ ही आदि गुरू शंकराचार्य मंदिर के कपाट भी शीतकाल हेतु बंद हो गये। आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने से पहले मंदिर की साफ सफाई की गयी। उसके पश्चात बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने आदि केदारेश्वर स्यंभू शिवलिंग को पके चावलों से ढ्ककर समाधि पूजा का समापन किया। धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने समाधि पूजा में सहयोग किया। उसके पश्चात आदिकेदारेश्वर शिवलिंग को समाधि रूप देकर भस्म एवं फूलों से ढ़का गया। पुजारी सोनू भट्ट तथा विशेश्वर प्रसाद डंगवाल ने कपाट बंद किये। इसी तरह, श्री आदि गुरू शंकराचार्य मंदिर में आदिगुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति को निर्वाण रूप में पूजा अर्चना की गयी। उसके पश्चात अपराह्न दो बजे कपाट बंद किये गये।

### सभी 230 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार अभियान

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज शाम सभी 230 क्षेत्रों में चुनाव प्रचार अभियान की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के साथ ही चुनावी शोरगुल थम गया। अब शुक्रवार को मतदान तक विभिन्न दल और प्रत्याशी चुनावी सभाएं और रोड शो आदि नहीं कर सकेंगे। हालाकि प्रत्याशी जनसंपर्क कर सकेंगे। चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही विभिन्न दलों के नेताओं ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी। लगभग एक पखवाड़े तक चले चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 14, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 21 और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने चुनावी सभाएं कीं। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले माह से अब तक लगभग 160 चुनावी सभाएं की हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने 55 सभाओं को संबोधित किया। पार्टी के अन्य स्टार प्रचारकों ने भी सभाओं की झड़ी लगा दीं। दूसरी ओर कांग्रेस की तरफ से वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और अन्य नेताओं ने भी चुनावी सभाएं कीं।


### अमित शाह का कांग्रेस पर आजादी के बाद से पिछड़े समाज का अपमान करने का आरोप

साजा(छत्तीसगढ़)। गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस पर आजादी के बाद से पिछड़े समाज का अपमान करने और उन्हे आरक्षण और अन्य हकों से वंचित रखने का आरोप लगाया है। शाह ने प्रचार के आखिरी दिन एक बड़ी चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा भी नही दिया। पहली बार अति पिछड़े वर्ग का प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी ने इस आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। उनके मंत्रिमंडल में 27 मंत्री पिछड़े वर्ग के है, जबकि भाजपा के लगभग 100 सांसद पिछड़े वर्ग के है। देश के कुळ विधायकों की संख्या में पिछड़े वर्ग के विधायकों की संख्या 27 प्रतिशत से अधिक है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने नीट में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया, सैनिक स्कूलों में दिया और आईआईटी में एक लाख का अनुदान दिया, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सिर्फ गाली देने का काम किया है।

### ईडी की चुप्पी पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र सिंह तोमर के धन के लेन-देन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चुप्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए बुधवार को ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इस मौके पर कहा कि श्री तोमर के पुत्र के मामले में खुलासा होने के बाद आखिर ईडी अब चुप क्यों हैं जबकि केंद्रीय मंत्री के पुत्र का करोड़ों रुपए की हेराफेरी की बात करते समय का वीडियो सबके सामने है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी घेरा और कहा कि मध्य प्रदेश के सारे भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, लेकिन श्री मोदी चुप हैं और इन मामलों की कोई जांच नहीं करवा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 से अब तक ईडी ने जो भी कार्रवाई की हैं उनमे 95 फीसदी करवाई विपक्ष के नेताओं के खिलाफ की गई है। पिछले पांच साल में कई बड़े छापे मीडिया हाउस और पत्रकारों पर भी हुए, लेकिन श्री तोमर के पुत्र की हजारों करोड़ के सौदे का खुलासा होने के बावजूद ईडी, केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग के लोग ग़ायब है।

### मुर्मु ने बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां संसद भवन परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस, पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद परिसर जाकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बिरला ने सोशल मीडिया पर अपने सन्देश में कहा, मातृभूमि की स्वतंत्रता और जनजातीय समाज की अस्मिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले जनजातीय शौर्य के प्रतीक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर भावपूर्ण नमन। इसी उपलक्ष्य में जनजातीय समाज के सम्मान में मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

# एक्सप्रेसवे पर चलती बस में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई अपनी जान



ग्रेटर नोएडा। नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक चलती बस में आग लग गई। इस घटना के बाद बस में बैठे यात्रियों में हड़काम मच गया। हालांकि, समय रहते यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचा ली है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया और बस में लगी आग को बुझाने का काम शुरू किया। पुलिस का कहना है कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जिस बस में आग लगी, वह एसी बस है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से बस में आग लगी। फिलहाल पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित है, लेकिन बस में आग लगने की वजह से नोएडा एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित हो गया।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि 15 नवंबर दोपहर 3:15 बजे सूचना मिली कि नोएडा एक्सप्रेसवे सेक्टर-96 के सामने एक डबल डेकर बस में आग लग गई। इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर देखा तो बस में आग लगी हुई थी। सभी यात्री बाहर निकल गए थे। हादसे के वक्त बस में करीब 60 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि यह बस सेक्टर-37 से चलकर सिवान बिहार के लिए जा रही थी। बस में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी है। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## फैन को थप्पड़ मामले में नाना पाटेकर पर एफआईआर की मांग

लखनऊ। (पी एम ए) अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने फिल्म स्टार नाना पाटेकर द्वारा कल मंगलवार 14 नवंबर 2023 को वाराणसी में एक फैन को थप्पड़ मारे जाने और उनके क्रू द्वारा उसका गला दबोचा जाने के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है. पुलिस कमिश्नर वाराणसी को भेजी अपनी शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि नाना पाटेकर द्वारा जर्नी फिल्म की शूटिंग के दौरान दशाश्वमेध घाट के पास शूटिंग के दौरान सेल्फी ले रहे फैंस को एक जोरदार थप्पड़ जड़कर भगाने और क्रू मेंबर द्वारा उस फैन की गर्दन मरोड़ने के संबंध में वायरल हो रहे वीडियो को देखने से स्पष्ट है कि यह एक आपराधिक कृत्य है. उन्होंने कहा कि इस अपराध की गंभीरता इस कारण और बढ़ जाती है कि यह समाज में एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त एक सुप्रसिद्ध फिल्म स्टार द्वारा किया गया अपराधिक कार्य है. अत: अमिताभ ठाकुर ने इस घटना की सामाजिक रूप से अतीत गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की मांग की है।

## कश्मीर के उरी में सुरक्षा बलों ने की घुसपैठ विफल, एक आतंकवादी ढेर

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उरी सेक्टर में सतर्क सैनिकों ने आतंकवादियों की एक संदिग्ध गतिविधि देखी जो सीमा पार से घुसपैठ का प्रयास कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने समय रहते आतंकवादियों के घुसपैठ को विफल कर दिया और एक आतंकवादी को मार गिराया। सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी खराब दृश्यता और खराब मौसम का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। ऑपरेशन में अब तक एक आतंकवादी मारा गया है।

## मध्यप्रदेश में पेड न्यूज के मामले में 78 उम्मीदवारों को नोटिस

भोपाल। (पी एम ए) मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है। इसके मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के नियमों के तहत निर्वाचन आयोग ने पेड न्यूज के मामले में 78 उम्मीदवारों को नोटिस जारी किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों के चुनाव प्रचार और पेड न्यूज मामले पर भी सख्ती से नजर रखी जा रही है। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) और राज्य स्तरीय एमसीएमसी 24 घंटे पेड न्यूज की निगरानी कर रही है। विभिन्न जिलों से पेड न्यूज के अब तक 80 मामले सामने आए हैं।

जिला स्तरीय एमसीएमसी ने 78 मामलों में उम्मीदवारों को नोटिस जारी किये है, जबकि शेष दो मामले शुरुआती जांच में पेड न्यूज के नहीं निकले इसलिए उन्हें जिला स्तर पर ही निरस्त कर दिया गया है। राज्य स्तरीय एमसीएमसी ने 30 मामलों को पेड न्यूज माना है जबकि 48 मामले विचाराधीन है। निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए पेड न्यूज मामलों की गंभीरता से मॉनिटरिंग कराने के लिए निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय एमसीएमसी की प्रारंभिक जांच में पेड न्यूज पाये जाने के संबंधित उम्मीदवार के विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी से उम्मीदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगने के लिए कहा जाता है। अगर कोई उम्मीदवार जिला स्तरीय कमेटी के निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो वह राज्य स्तरीय कमेटी के समक्ष अपील कर सकता है। उम्मीदवार की अपील पर राज्य स्तरीय समिति इस मामले पर सुनवाई कर निराकरण करती है। अगर कोई उम्मीदवार राज्य स्तरीय समिति के निर्णय से भी संतुष्ट नहीं है तो वह चाहे तो भारत निर्वाचन आयोग में गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग समिति के समक्ष भी अपील कर सकता है।

## बीएसएफ ने 12 घंटों में मार गिराए दो पाकिस्तानी ड्रोन, 500 ग्राम हेरोइन बरामद



नई दिल्ली। (पी एम ए) बीएसएफ ने पंजाब में पाकिस्तान सीमा से सटे इलाकों में दो ड्रोन बरामद किया है। इसके साथ एक पैकेट में 500 ग्राम हेरोइन भी बरामद की गई है।

बार्डर सिक्योरिटी फोर्स यानी बीएसएफ के जवानों ने एक बार फिर पाकिस्तान की नापाक कोशिश को नाकाम किया है।

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने 14-15 नवंबर की मध्यरात्रि में तरनतारन जिले के मियांवाली गांव के पास एक संदिग्ध ड्रोन को मार गिराया और खेत से 2 बैटरियों के साथ टूटी हालत में ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके, चीन में निर्मित) है।

इसके साथ ही बुधवार सुबह सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक संदिग्ध ड्रोन को एक खेत से बरामद किया है। बीएसएफ ने आज सुबह लगभग 8 बजे सीमा बाड़ के आगे एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग के दौरान अमृतसर के रोरनवाला खुर्द गांव के पास खेती के खेत में संदिग्ध वस्तुएं पड़ी देखीं। इसके अलावा, क्षेत्र की विस्तृत तलाशी के दौरान, बीएसएफ के जवानों ने पीले चिपकने वाले टेप में लिपटे हेरोइन (कुल वजन - 500 ग्राम) जैसे मादक पदार्थों के 1 पैकेट के साथ 1 ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई मविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) है।

### थुम्मला ने लोगों से भ्रष्ट बीआरएस सरकार को खत्म करने का आह्वान किया

खम्मम (तेलंगाना)। तेलंगाना में खम्मम से कांग्रेस उम्मीदवार थुम्मला नागेश्वर राव ने लोगों से मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भ्रष्ट भारत राष्ट्र समिति सरकार को खत्म करने का आह्वान किया है। थुम्मला ने बुधवार को श्रीनिवासनगर के 27वें डिवीजन में आयोजित एक चुनाव अभियान में खतरों के सामने साहस के महत्व पर जोर दिया और लोगों से आग्रह किया कि वे झुकें नहीं बल्कि दृढ़ रहें। थुम्मला ने सार्वजनिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों पर जोर देते हुए समर्पण का श्रेय सोनिया गांधी के परिवार को दिया। उन्होंने छह गारंटीकृत योजनाओं के माध्यम से वंचितों के जीवन को उज्ज्वल करने का वादा करते हुए कांग्रेस पार्टी के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

### एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को आतंकी साजिश मामले में एक पाकिस्तानी नागरिक और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) प्रमुख मौलाना मसूद अज़हर अल्वी के करीबी सहयोगी सहित दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। आतंकी साजिश का मामला हिंसा और आतंक के कृत्यों के माध्यम से केन्द्रशासित प्रदेश की शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने से संबंधित है। आरोपपत्र जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा निवासी मोहम्मद उबैद मलिक और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अब्बासपुर निवासी मुहम्मद दिलावर इकबाल उर्फ माज खान कश्मीरी उर्फ माज खान उर्फ माज कश्मीरी उर्फ आजाद कश्मीरी के खिलाफ दायर किया गया है। एनआईए के एक बयान में कहा, दोनों सुरक्षा बलों और तथाकथित बाहरी लोगों पर हमले करके केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की आपराधिक साजिश में शामिल थे। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अज़हर का करीबी सहयोगी दिलावर, क्षेत्र में आतंकवादी कृत्यों और गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों द्वारा रची गई एक बड़ी साजिश में कश्मीरी युवाओं को प्रेरित करने में लगा हुआ था। एनआईए की जांच के अनुसार दिलावर उबैद को जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए जिम्मेदार था। दिलावर आतंकवादी पृष्ठभूमि वाले युवाओं को भड़काऊ ऑडियो क्लिप और वीडियो के साथ-साथ मौलाना मसूद अज़हर अल्वी की तस्वीरें साझा करके जिहाद के लिए उकसाता था, जिसमें मौलाना मसूद अज़हर अल्वी को कट्टरपंथी इस्लाम का प्रचार करते हुए दिखाया गया था।

## पुलिस में 1200 कांस्टेबल, महिला उपनिरीक्षक की होगी भर्ती : सुक्खू

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप पुलिस विभाग में सुधारों पर बल दिया है।

गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को एक बैठक में उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के साथ-साथ अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव आया है। इसे देखते हुए पुलिस विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत आधुनिक तकनीक अपनाने के साथ ही पेशेवर दृष्टिकोण में सुधार जरूरी है। उन्होंने पुलिस विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिंजेस तथा अन्य आधुनिक सॉफ्टवेयर के उपयोग के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार पर्याप्त धन उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस विभाग में 1200 से अधिक कांस्टेबल और महिला उप निरीक्षक की भर्ती की जाएगी।

सुक्खू ने आधुनिक प्रौद्योगिकी में सिद्धस्त पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर उनका एक पूल तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे विभिन्न अभियानों में उनका प्रभावी योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में पुलिस कर्मी साइबर क्राइम से निपटने में भी सक्षम होने चाहिए। उन्होंने प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों एवं मंदिरों इत्यादि में आयोजित होने वाले मेलों के दौरान बेहतर पुलिस व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक के पास आरक्षित बल रखने के भी निर्देश दिए।

## बिहार के अररिया में हुआ था सुब्रत रॉय का जन्म



पटना (पीएमए)। सहारा इंडिया सुप्रीमो सुब्रत राय का निधन हो गया है। उनकी मृत्यु कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण हुई। वह 75 वर्ष के थे। वह उच्च रक्त चाप व मधुमेह रोग से लंबे समय से जूझ रहे थे। बता दें कि, सुब्रत राय 1999 में अंतिम बार अररिया आए थे तो अररिया को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस मौके पर अररिया पूजा समिति दुर्गा मंदिर में उनका भव्य स्वागत किया गया था। सुब्रत रॉय के आज जो भी रिश्तेदार अररिया में हैं उनसे बातचीत में कई पुरानी बातें निकलकर सामने आई हैं। आज यहां के दर्जनों परिवार उनके निधन पर शोक जता रहे हैं।

सहारा इंडिया सुप्रीमो सुब्रत राय का जन्म सूबे बिहार के अररिया जिला में 10 जून 1948 को नाना अमितो लाल दासगुप्ता तथा नानी नमानी माला दासगुप्ता के घर में हुआ था। उनके पिता सुधीर चंद्र राय और मां का नाम छबि राय है। सुब्रतो राय के मामा अशोक सेन गुप्ता ने बताया कि अररिया हाईस्कूल से उन्होंने हायर सेकंड्री की पढ़ाई की थी। उनके पिता गोरखपुर में शुगर मिल में इंजीनियर थे। आगे की पढ़ाई उन्होंने गोरखपुर से की थी। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। उनके ममेरे भाई अमित सेन गुप्ता ने बताया कि सुब्रत राय का विवाह स्वपना राय से हुआ था। उनको

### आज भी लोग नहीं जानते ननिहाल की ये बातें

दो पुत्र सुशांत राय एवं सीमांत राय है। अपने पिता के 4 संतानों में सुब्रत राय सबसे बड़े लड़के थे। उनके बाद छोटे भाई जयब्रतो राय, छोटी दो बहनें माला राय एवं कुकुम राय चैधरी थी। माला राय का निधन पहले ही हो चुका है। जयब्रतो राय एवं कुमकुम राय चैधरी अभी भी सहारा इंडिया परिवार के डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

सुब्रत राय की पत्नी स्वपना राय सहारा इंडिया परिवार के डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

सहारा इंडिया की स्थापना वर्ष 1978 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुआ था। सुब्रत राय व उनकी माताजी छबि राय को अररिया से बहुत प्रेम था। छबि रॉय जब तक जीवित थीं, फोन के माध्यम से हमेशा अररिया के बारे में पूछती रहती थीं। सुब्रत राय ने अररिया कचहरी के समीप वर्ष 2005 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की और अररिया नगर परिषद कार्यालय के निकट से महादेव चैक तक पक्की सड़क का निर्माण करवाया था। उनको घर के लोग चंदन कह कर पुकारते थे। उनका अररिया में सहारा इंडिया जूट प्रोजेक्ट भी है। जिसमें जूट का विभिन्न उत्पाद तैयार होता था। जहां करीब एक साल से काम बंद है। उन्होंने अररिया पूजा समिति दुर्गा मंदिर का भव्य निर्माण कराकर उसमें संगमरमर की दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित की थी। उन्हें अररिया से काफी लगाव था। इसलिए अररिया के लोग सहारा इंडिया सुप्रीमो सुब्रत राय को कभी नहीं भुल सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार तय, बीजेपी सरकार प्रदेश की समृद्धि की सरकार होगी : मोदी



नई दिल्ली। (पी एम ए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार होने का दावा करते हुए राज्य की जनता से यह वादा किया है कि छत्तीसगढ़ के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में आने वाली बीजेपी सरकार उनकी आकांक्षाओं और प्रदेश की समृद्धि की सरकार होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक्स पर अपने चुनाव प्रचार अभियान के अनुभव को साझा करते हुए पोस्ट कर कहा, छत्तीसगढ़ में इस बार चुनाव अभियान के दौरान मेरे अनुभव बहुत ही अद्भुत रहे, अभूतपूर्व रहे। कहा जाता है- छत्तीसगढ़िया...सबसे बढ़िया। मैंने इसकी प्रतिध्वनि चारों तरफ महसूस की।

छत्तीसगढ़ के परिश्रमी लोग अपने राज्य को और बेहतर बनाने के लिए, सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए नई उम्मीदों और नई ऊर्जा से भरे हुए हैं। वो जानते हैं कि कुशासन और भ्रष्टाचार के शिकंजे से अगर कोई छत्तीसगढ़ को निकाल सकता है, तो वो भाजपा ही है। भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगी।

छत्तीसगढ़ की स्थापना के अगले कुछ सालों में 25 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, अगले कुछ साल में छत्तीसगढ़ अपने 25 साल पूरे कर रहा है। आज राज्य में जो नौजवान हैं, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, वो एक समृद्ध छत्तीसगढ़ के सपनों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के संकल्प के साथ ही उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ का भी संकल्प लिया है। वो अपने जीवन के अगले 25 वर्ष, विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत के संकल्प को समर्पित करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जिस तरह राज्य के एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों के युवा हमारे विकास मॉडल के साथ जुड़ रहे हैं, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। छत्तीसगढ़ के युवाओं की ये शक्ति, परिवर्तन का नया अध्याय लिखने वाली है। छत्तीसगढ़ की महतारी, हमारी बहनों-बेटियों ने भी राज्य के विकास की ध्वजा पताका खुद उठा ली है। आज भारत जिस तरह महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास कर रहा है, उसका प्रभाव हमें छत्तीसगढ़ में भी दिखता है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार की भविष्यवाणी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, इस चुनाव में कांग्रेस की करारी हार तय है।

### बस में लगी आग, यात्रियों की नकदी और सामान जला

फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद शहर के रतिया रोड पर एफसीआई गोदाम के सामने टोहाना से फतेहाबाद आ रही यात्रियों से भरी निजी बस में बुधवार को अपराह्न में आग लग गई, जिससे यात्रियों का सामान जल कर राख हो गया। पुलिस के अनुसार बस के इंजन से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं, जिससे यात्रियों में अफरा तफरी मच गई और वे बदहवासी में नीचे उतरने लगे, लेकिन उनका सामान बस में ही रह गया। जल्द ही आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया और इसमें यात्रियों का सामान जलकर राख हो गया। इनमें कई यात्री ऐसे थे जो कि नरमा चुगाई करके आ रहे थे और इन्हें बिहार जाना था। उनकी नकदी बैग में थी। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकलें मौके पर पहुंची और करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## धूमधाम से मनाई गई धरती आबा बिरसा मुण्डा की जयंती

वाराणसी। (पी एम ए) मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा के अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेंदु सभागार कक्ष में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस एवं धरती आबा बिरसा मुण्डा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री रोशन लाल यादव, मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा तथा मंडल इंजीनियर पी0 पी0 कुजूर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर रेल कर्मचारियों को बिरसा मुण्डा से जुड़ी रोचक घटनाओं से परिचित कराया गया।

इस कार्यक्रम में मंडल कार्मिक अधिकारी श्री विवेक मिश्रा, मंडल इंजीनियर (समान्य) पी0पी0कुजूर मुख्य हित निरीक्षक शिवेन्द्र सिंह, योगेश कुमार मल्ल, अजय तिवारी एवं भारी संख्या में जनजातीय कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया की भारत सरकार ने विगत वर्ष से जनजातीय नायक एवं स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुण्डा की जयंती को एक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति के रूप में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की शुरुआत की थी। आज 15 नवंबर बिरसा मुंडा की जयंती है जिन्हें देश भर के जनजातीय समुदाय भगवान के रूप में सम्मान् देते हैं। बिरसा मुंडा देश के एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और जनजाति नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार की शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और उन्होंने जनजातियों से विद्रोह का आवाहन किया।

# सौरभ भारद्वाज ने ट्रेड फेयर में दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन किया

## व्यापार मेला दिल्ली की संस्कृति की एक बहुत ही खास विशेषता





नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यटन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यापार मेला दिल्ली की संस्कृति की एक बहुत ही खास विशेषता है। जब लोग मेले और दिल्ली मंडप का दौरा करेंगे, तो उन्हें दिल्लीवासी होने पर गर्व होगा। दिल्ली पवेलियन में राजधानी की समृद्ध विरासत, उद्योग, डीएसआईआईडीसी स्टार्ट-अप पॉलिसी, दिल्ली बाजार, दिल्ली जॉब कैपिटल, पीएमएफएमई योजना और भारती दिल्ली एम्पोरियम उत्पादों विकास की झलक देखने को मिलेगा।

सौरभ भारद्वाज ने कहा व्यापार मेला में दिल्ली की संस्कृति की विशेषता को एक जीवंत टेपेस्ट्री में दिखाया गया है। यहां आना सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि पुरानी यादों के गलियारों से होकर गुजरने का अहसास कराता है। यह हमारे युवाओं की यादों को ताजा करती है? दिल्ली मंडप एक प्रदर्शनी से कहीं अधिक है। यह एक शहर के रूप में हमारी सामूहिक उपलब्धियों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। जब लोग मेले में कदम रखेंगे और दिल्ली मंडप की जटिलताओं का पता लगाएंगे, तो वे न केवल हमारे द्वारा की गई समृद्ध विरासत और प्रगति को देखेंगे, बल्कि दिल्लीवासी होने पर अत्यधिक गर्व भी महसूस करेंगे। दिल्ली को एक ऐसे शहर के रूप में पाएंगे जो अपने अतीत को अपनाते हुए लगातार एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर है।

### दिल्ली पवेलियन के 3 गलियारे पर्यटन गलियारा

पर्यटन गलियारा में ऐतिहासिक स्मारकों, चिकित्सा पर्यटन और शिक्षा पर्यटन के कट-आउट का प्रदर्शनी लगाई गई है।

### सांस्कृतिक गलियारा

इसमें भारतीय योग, दिल्ली सहित भारतीय पर्व और त्योहारों को भी दर्शाया गया है. साथ ही नृत्य के विभिन्न रूपों को भी दर्शाया गया है.

### औद्योगिक गलियारा

इस गलियारे में दिल्ली सरकार की स्टार्ट-अप योजना, उद्यमियों और एमएसएमई पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा, दिल्ली मंडप में तिहाड़ जेल का स्टॉल कैदियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग और बेकरी उत्पादों और जेल सुधारों पर भी प्रकाश डाला गया है।

स्वास्थ्य विभाग लाइव मोहल्ला क्लिनिक सेवाएं और ऑन-द-स्पॉट चिकित्सा, दिल्ली शिक्षा मॉडल और खुशी पाठ्यक्रम को दिल्ली मंडप में शामिल किया गया है।

# यमुना के आसपास तैनात होंगे 500 पुलिस कर्मी



नोएडा। आगामी छठ पूजा पर्व को ध्यान में रखते हुए एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी और एसीपी रजनीश वर्मा ने पुलिस बल के साथ यमुना क्षेत्र के आसपास बने घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नोएडा में कुल 30 जगहों पर छठ पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा छठ पूजा के आयोजन कर्ता के साथ तैयारियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

संबंधित थाने के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकार की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए और घाट के आसपास पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था हो। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो।

लोगों की सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए एवं यमुना नदी के किनारे पानी के आसपास बैरिकेडिंग की जाए। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका जाए। पूर्व में ही ड्यूटी चार्ट बनाकर पुलिस बल को तैनात किया जाए और भीड़ नियंत्रण के लिए सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए।

अन्य जोन में भी अधिकारियों ने छठ पूजा घाट का निरीक्षण और दौरा किया। छठ पूजा घाट पर करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसमें महिला पुलिसकर्मी के साथ ही सादे कपड़े में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे से भी घाटों पर नजर रखी जाएगी। वहीं पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा सुनीति सिंह ने थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के अंतर्गत बहलोलपुर, छीजा रसी व सेक्टर 63ए में बने छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा छठ पूजा पंडाल के पदाधिकारियों के साथ वार्तालाप करते हुए निर्देशित किया गया कि छठ पूजा तैयारियों को समय से पूर्ण कर ली जाए और पंडाल के आसपास सुरक्षा और व्यवस्था का पूर्ण इंतजाम रखा जाए। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो। लोगों की सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाये व भीड़ नियंत्रण हेतु सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये।


# शार्ट न्यूज

## सुब्रत राय के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क समाचारपत्र समूह के संस्थापक प्रधान संपादक दयानंद वत्स भारतीय ने सहारा इंडिया परिवार के अभिभावक सहाराश्री सुब्रत राय के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुब्रत राय का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सबको प्रेरणा देने वाला है। दृढ निश्चयी, कठोर परिश्रमी, दूरंदेशी सुब्रत राय ने सहारा इंडिया परिवार की बेहतरी के लिए अथक प्रयास किए। उनके निधन से सहारा इंडिया परिवार के लाखों लोगों की अपूर्णीय क्षति हुई है। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज, प्रशिक्षित शिक्षक संघ, नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के अभिभावक दयानंद वत्स भारतीय ने सहाराश्री सुब्रत राय को मानव कल्याण में समर्पित समाजसेवी बताया।

## 148वीं जयंती पर सामाजिक क्रांति के अग्रनायक बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ एवं नेशनल एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क की और से संघ के मुख्यालय बरवाला में आज संघ के राष्ट्रीय महामंत्री, गांधीवादी विचारक एवं चिंतक दयानंद वत्स भारतीय ने सामाजिक क्रांति के पुरोधा पुरुष, महान समाज सेवी भगवान बिरसा मुंडा की 148 वीं जयंती पर वत्स ने बिरसा मुंडा को कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि अपनी नेतृत्व क्षमता, असाधारण शौर्य के बल पर अन्याय, अत्याचार और अंग्रेजों के दमन का बिरसा मुंडा ने अपने तीरों से बदला लिया और एक नई सामाजिक क्रांति का उद्घोष किया।

## चाय बनाते समय गैस सिलेंडर हुआ ब्लास्ट

गाजियाबाद। गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां एक घर में सिलेंडर में अचानक ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर फटने से हुआ धमाका इतना जबरदस्त था की मकान का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। जिस कमरे में यह धमाका हुआ उसकी दीवारों के इस जबरदस्त धमाके से परखच्चे उड़ गए। सिलेंडर में हुए धमाके से जोरदार ब्लास्ट की आवाज लोगों को दूर तक सुनाई दी। जिसके बाद लोगो में हड़कंप मच गया। हादसे में घर में मौजूद एक महिला बुरी तरह घायल हो गई। जिसे लोगों द्वारा अस्पताल ले जाया गया। घर के पहले मंजिल पर बने कमरे की दीवार का मलबा घर के बाहर नीचे खड़ी कार पर जाकर गिरा। जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। धमाके की घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। इलाके के लोगों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। खोड़ा में ये मकान श्यामलाल का है। तीन मंजिला इस मकान में किराएदार रहते है। तीन मंजिला मकान के पहली मंजिल पर बने एक कमरे की दीवारों के परखच्चे उड़ गए हैं। मकान की दीवारों का मलबा दूर जा के गिरा। हादसे में इस कमरे में मौजूद एक महिला विमला देवी भी घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया हैं।

## गैंगस्टर लक्ष्य तवंर की 2 करोड़ की प्रॉपर्टी-जब्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने शातिर लोन माफिया गैंगस्टर लक्ष्य तंवर की 2 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की है। यह प्रॉपर्टी आर्य नगर में 40 नंबर प्लॉट है। लक्ष्य पर करीब 35 मुकदमे कायम है और अब तक पुलिस उसकी 65 करोड़ की संपत्ति को जब्त कर चुकी है। आर्य नगर कॉलोनी के 40 नंबर प्लॉट पर पुलिस ने बकायदा मुनादी कर इस प्रॉपर्टी को जब्त किया। एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल के मुताबिक कुख्यात लोन माफिया लक्ष्य तंवर पर करीब 35 मुकदमे कायम है। जिसमें अब तक उसकी 65 करोड़ की संपत्ति को जब्त किया जा चुका है। कभी सुबह अखबार बेचने वाला लक्ष्य फ्रॉड करके करोड़पति बन गया था। साल 2021 में जब इसका खुलासा हुआ तो पीड़ितों ने धड़ाधड़ मुकदमे कायम करवाने शुरू किए थे। लक्ष्य ने इतनी गड़बड़ी किया, जिसको देखते हुए गाजियाबाद पुलिस को जांच के लिए एक एसआईटी का गठन करना पड़ा था। लक्ष्य ने अपने साथ कुछ बैंक के कर्मचारी मिलाए थे और उसके बाद जो लोग लोन के लिए अप्लाई करते थे, उनके साथ फ्रॉड करता था। हैरानी की बात यह है कि पढ़े लिखे और रसूखदार भी उसके शिकार बने। लक्ष्य ने पुलिस वाले और नेता भी अपने चंगुल में फंसे थे।

## नोएडा दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित शहर

नोएडा। दिवाली के बाद से नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार को सुबह से दोपहर तक मध्यम गति में हवा चलने के बाद प्रदूषण में मामूली सुधार हुआ। धुंध और प्रदूषित कणों से आसमान में स्मॉग छाया रहा। दिल्ली-एनसीआर में नोएडा दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। दिल्ली में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण दर्ज किया गया।नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को 360 और ग्रेटर नोएडा का 338 दर्ज किया गया। मध्यम गति में हवा और खिली धूप से दोपहर में आसमान कुछ साफ हुआ। बाद में दृश्यता कम हो गई। दिवाली के बाद से दोनों शहरों का एक्यूआई एक जैसा बना हुआ है। 13 नवंबर को नोएडा का एक्यूआई 363 और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 342 दर्ज किया गया था। वहीं, 14 नवंबर को नोएडा का एक्यूआई 364 और ग्रेटर नोएडा का 348 रहा था। इस हफ्ते एक्यूआई 400 के करीब पहुंचने की आशंका है। अब भी नोएडा का सेक्टर-62 सबसे वायु प्रदूषित है। यहां का एक्यूआई शाम को 371 दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का स्तर पीएम 10 के स्तर से ज्यादा है।

## बाइक टकराने पर हुए खूनी संघर्ष में गोली लगने से छात्र की मौत

नोएडा। जेवर क्षेत्र के मोहबलीपुर गांव के चौराहे पर मंगलवार देर शाम बाइक टकराने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट, पथराव और गोलीबारी हुई। इस दौरान गोली लगने से नाबालिग छात्र की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक मंगलवार देर शाम गांव के चौराहे पर बाइक टकराने को लेकर राकेश और सोनू के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों शराब के नशे में धुत थे। सोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर राकेश के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद राकेश पक्ष के लोग भी जुट गए। दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। इस दौरान पथराव और गोलीबारी हुई। एक गोली राकेश के 15 वर्षीय बेटे मोहित के माथे में जा लगी। इसके अलावा गोली लगने से नरेंद्र और हरेंद्र घायल हो गए। आनन-फानन में तीनों को नोएडा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां डॉक्टरों ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में राकेश ने मुख्य आरोपी सोनू समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

## मारपीट कर पत्नी को कमरे में बंद किया

नोएडा। गिझौड़ गांव निवासी दीपा शर्मा के पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने सोमवार रात उसके साथ मारपीट की। पति ने दीपा पर चाकू से वार करने के बाद कमरे में बंद कर दिया। महिला ने डॉयल-112 पर कॉल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को कमरे से बाहर निकाला। महिला के शरीर पर चोट के निशान हैं।अंडरपास के पास से ई-रिक्शा चोरीनोएडा। पर्थला खंजरपुर निवासी इंद्रमोहन सिंह बीते दिनों शाम पांच के करीब मोरना अंडरपास के पास सामने की सड़क पर अपना ई-रिक्शा खड़ा कर लघुशंका करने के लिए चला गया। करीब पांच मिनट जब इंद्रमोहन लौटा तो ई-रिक्शा वहां नहीं था। उसका मोबाइल भी ई-रिक्शे में बने बॉक्स में रखा था। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है।

# युवक को गोली मारने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## टिल्लू ताजपुरिया गैंग के चीकू के कहने पर चलाई थी गोली

नई दिल्ली। बाहरी-उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में दीपावली से एक दिन पहले युवक पीयूष मान (21) को गोली मारने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है।

मामले में जिले के स्पेशल स्टाफ और अलीपुर थाना पुलिस ने इस संबंध में टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो बदमाशों को दबोचा है।

इनकी पहचान ललित उर्फ चेतन और सचिन उर्फ टिंकू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तमंचा, पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं।

आरोपियों ने जेल में बंद टिल्लू गैंग के बदमाश चीकू के कहने पर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को मामले में कई अन्य आरोपियों की तलाश है। अलीपुर थाना पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि 11 नवंबर को अलीपुर इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी सवार पीयूष मान को गोली मार दी थी। हमले के बाद पीयूष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने पीयूष का बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया। लोकल पुलिस के अलावा जिले के स्पेशल स्टाफ ने भी मामले की छानबीन शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले ललित उर्फ चेतन को दबोचा।

## साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार

नयी दिल्ली । साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र खुमन प्रकाश सिंह को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवनी , कला और संस्कृति फिल्म श्रेणी के अंतर्गत 15 वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। साहित्य अकादमी ने बुधवार को यहां बताया कि यह वृत्तचित्र लेखक खुमन प्रकाश सिंह पर केंद्रित है। यह वृत्तचित्र साहित्य अकादमी की भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना के अंतर्गत निर्मित 164 वां वृत्तचित्र है। इसे अरिबम स्याम सरमा ने निर्देशित किया है। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि साहित्य अकादमी ने वर्ष 1997 में भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य महत्त्वपूर्ण लेखकों और साहित्य से जुड़ी बहुमूल्य सामग्रियों को एकत्र और संरक्षित करना है।

# 'केजरीवाल की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर अभियान चला रही भाजपा'




नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर अभियान चलाने का आरोप लगाया है।

आप नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा सोशल मीडिया के केजरीवाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। इसके खिलाफ आप चुनाव आयोग से शिकायत करेगी।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का निंदनीय, अपमानजनक और लोगों को गुमराह करने वाला अभियान किसी भी व्यक्ति के खिलाफ नहीं चला सकता है। इस तरह के अभियान के जरिए जब एक नेता की छवि खराब करने की कोशिश की जाती है तो इससे भारतीय लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव के मूल सिद्धांत को चोट पहुंचती है।

उन्होंने बताया कि पांच नवंबर को दिल्ली भाजपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक अपमानजनक और गुमराह करने वाला पोस्ट डालकर केजरीवाल की छवि को खराब करने की कोशिश की थी। उस पोस्ट को भाजपा के तमाम आधिकारिक हैंडल्स और ऑफिस बियरर्स ने भी शेयर किया।


उन्होंने बताया कि ये सभी पोस्ट केवल निंदनीय, अपमानजनक और लोगों को गुमराह करने वाले ही नहीं है, बल्कि यह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171जी, 499 और 500 का उल्लंघन है। इसके साथ ही यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सेक्शन 123 के सब सेक्शन चार और आदर्श आचार संहिता के कानून के क्लॉज़ 4.2 का सीधा-सीधा उल्लंघन है।

यह कोई पहली बार नहीं है, जब भाजपा ने आम आदमी पार्टी के नेताओं की छवि खराब करने के लिए इतने नीचले स्तर की राजनीति की और इस प्रकार गंदे और बेहुदा कंटेंट को बनाकर अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर डाला है। ये लोग लगातार ऐसा करते आए हैं।

# 3 साल की बच्ची की गला काटकर हत्या

## पड़ोस के घर बाथरुम में थैले में मिला शव; मुंह में ठूंसा था कपड़ा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी में 3 साल की एक बच्ची की बड़ी ही निर्ममता से हत्या कर दी गई।




मंगलवार रात को पड़ोस के मकान के बाथरुम में बच्ची का शव थैले में मिला। उसकी गर्दन काटी गई थी और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। बच्ची का दो दिन बाद 17 नवंबर को ही जन्मदिन था। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने किराए के मकान में रहने वाले दो युवकों सुरेश गिरी (40) और घनश्याम (20) हिरासत में ले लिया। दोनों युवक बिहार के रहने वाले हैं और इनके तीसरे साथी की तलाश है। एसीपी सुधीर तनेजा ने बताया कि पुलिस जल्द पूरे मामले का पर्दाफाश करेगी।

जानकारी अनुसार राजीव कॉलोनी में रहने वाले सुनील की 3 साल की बेटी संध्या मंगलवार को अचानक से लापता हो गई थी। दो दिन बाद 17 नवंबर को उसको जन्म दिन था। परिवार उत्साह में था और बच्ची के अचानक गायब होने से उनको धक्का लगा।

सुनील मूलरुप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। उसने बताया कि बच्ची घर के आसपास ही खेल रही थी। इसके बाद दोपहर को लगभग 2:00 बजे से उन्हें नहीं दिखाई दी। इस पर बच्ची की तलाश शुरू की गई।

### पुलिस ने थाने से लौटाया

सुनील पड़ोसियों को लेकर फरीदाबाद के सेक्टर 58 थाने में गए और बेटी के लापता होने की जानकारी पुलिस को दी।

आरोप है कि वहां पर एएसआई इशाक ने उन्हें कहा कि पहले खुद बच्ची की आस पास तलाश करें और सुबह आकर इसकी जानकारी थाने में दें। इसके बाद वह वापस लौट गए और बच्ची की खूब तलाश की, लेकिन बच्ची उन्हें नहीं मिली। वे दोबारा से पुलिस चौकी गए।

### घरों की तलाशी ली तो मिला शव

एएसआई इशाक बच्ची की तलाश करने के लिए पहले बच्ची के घर पर आया और आसपास में पूछताछ की। आसपास के घरों में घुसकर बच्ची को तलाश किया गया। उसके साथ पड़ोस के कुछ लोग आसपास से घरों में तलाशी लेने लगे तो घर के बगल में ही किराए के मकान में बच्ची का शव बाथरुम में एक थैले में मिला। शव को देखा गया तो बच्ची का गला भी कटा हुआ था और मुंह में कपड़ा भी ठूंसा हुआ था। उसके माता-पिता ने अपनी बच्ची को पहचान लिया।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर धू-धू कर जली डबल डेकर बस



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर बस में अचानक से आग लग गई। यह बस दिल्ली से बिहार के दरभंगा जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस में काफी सवारियां थी। जैसे ही यह बस यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट से 100 मीटर आगे पहुंची तभी अचानक से बस के ऊपर के हिस्से में आग लग गई। इसके कुछ ही देर में इस आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान बस जलकर राख हो गई। लेकिन समय रहते है। इस आग के बारे में पता चल गया और बस में सवार लोगों को बाहर निकाल दिया गया। सूचना के बाद पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची है। उसके द्वारा इस आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। दमकल अधिकारी की तरफ से बताया गया कि इस हादसे में कोई भी अभी तक जन हानि नहीं हुई है। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग किस वजह से लगे लगी यह भी पता नही चल पाया है।

वहीं यात्रियों ने बताया कि वह छठ पर्व के लिए दिल्ली से बिहार के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ है। कई यात्री अन्य साधनों से बिहार के लिए रवाना हो गए हैं।

# 11 साल के बच्चे के बंधक बनाकर पीटने का आरोप

नोएडा। सोरखा गांव में चोरी के शक में 11 साल के बच्चे को दो घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता ने एक स्कूल के मालिक और उसके साथियों पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-113 थाने में मामले की शिकायत की। घटना के बाद से बच्चा सहमा हुआ है।

बुलंदशहर निवासी पवन कुमार ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सोरखा में रह रहा है। दीपावली के मौके पर वह बुलंदशहर गया था। घर पर पत्नी और उनका 11 साल का बेटा था। सोमवार को पवन की गाय कहीं चली गई। पवन का बेटा कृष्ण पैदल ही गांव में गाय की तलाश कर रहा था। आरोप है कि इस दौरान पास के लवली पब्लिक स्कूल के मालिक और उसके साथी ने कृष्ण को चोरी के शक में बंधक बना लिया और करीब दो घंटे तक उसके साथ मारपीट की।

बच्चे के शरीर पर पिटाई करने के निशान भी हैं। स्कूल मालिक को पड़ोसियों ने बताया कि यह बच्चा चोरी नहीं कर सकता है। शिकायतकर्ता के मुताबिक इसके बाद स्कूल मालिक ने बच्चे से उनका नंबर लिया और कॉल कर परिजनों को स्कूल बुलाया। घर पर नहीं होने की वजह से बच्चे को लेने के लिए उनकी पत्नी पहुंची। पत्नी को बच्चे ने आपबीती बताई। पड़ोसियों ने भी इस बारे में गवाही दी। इसके बाद थाना सेक्टर-113 पुलिस को घटना की लिखित शिकायत दी गई। एसीपी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## गाजियाबाद में झुग्गियों में लगी भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में मजदूरों की झुग्गियों में आग लग गई। आग किस कारण लगी इसका पता भी नहीं चल पाया है। पहले लोगों ने खुद उसके बाद दमकल विभाग ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। झुग्गी जलने से इसमें रहने वाले परिवारों को अब खुले आसमान के नीचे रात गुजारनी पड़ेगी। गाजियाबाद के नंदग्राम इलाके में निर्माण कार्य चल रहा है। जिसको लेकर निर्माण कार्य के पास ही निर्माण में लगें मजदूरों ने अपनी झुग्गियां बना रखी है। बुधवार दोपहर तकरीबन 2:00 बजे पहले एक झुग्गी में अचानक आग लग गई। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता आग ने कई अन्य झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। पहले लोगों ने खुद पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। आग के चलते आसमान भी काला हो गया।

# ग्रेनो में आईजीएल की गैस पाइपलाइन में लगी आग

## मरम्मत करते समय लीकेज से हादसा, दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में आईजीएल की गैस पाइपलाइन में पाइप लाइन को ठीक करते समय अचानक से लीकेज हो गया और उसमें आग लग गई। यह आग एक कंपनी के बाहर लगी। इसके बाद इसकी सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

बुधवार को सूरजपुर थाना क्षेत्र के साइट बी में एक कंपनी के बाहर आग लगने की सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। यह सूचना एक आईजीएल के कर्मचारियों के द्वारा ही दमकल बाइक की टीम को दी गई। बताया गया कि आईजीएल के कर्मचारी गैस पाइपलाइन की मरम्मत कर रहे थे। मरम्मत करने के दौरान ही उसमें लीकेज हो गया और उसकी वजह से आग लग गई । सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और उस आग पर काबू पाया गया।

### मरम्मत करने में जुटे कर्मचारी

जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि करीब 9:15 बजे सूचना दी गई कि आईजीएल की गैस पाइपलाइन को ठीक करते समय उसमें आग लग गई है। इसके बाद चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। इस आग में कोई भी जनहानि या किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है और आईजीएल के कर्मचारी गैस पाइपलाइन की मरम्मत कर रहे हैं।

# संपादकीय

## दिल्ली में सांस लेना हुआ दूभर

दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक और प्रदूषण की जैसी तस्वीर सामने आई है उससे यह एक बार फिर साफ हुआ कि लोग अपनी सेहत के सामने खड़ी चुनौती के बावजूद क्षणिक खुशियों को काबू में रखने को तैयार नहीं हैं।

जब कोई समस्या बढ़ कर संकट में बदलने वाली हो तो उसका सामना करने और उसे रोकने के लिए सरकार और समाज को हर स्तर पर सक्रिय हो जाना चाहिए। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि दिल्ली और देश के अन्य शहरों में प्रदूषण के चरम स्थिति में पहुंचने के बावजूद न तो सरकारों को पर्याप्त सक्रियता बरतने की जरूरत लग रही है, न आम लोगों को इस बात की फिक्र है कि इसका खमियाजा उन्हें किस तरह भुगतना पड़ेगा।

दिल्ली में पिछले कई दिनों से धुंध और धुएं की वजह से लोगों को सांस तक लेने में दिक्कत होने लगी थी। हालात ऐसे थे कि लोगों के लिए घर से बाहर निकलना भी जोखिम भरा हो गया था। मगर दिवाली से एक दिन पहले हुई बारिश की वजह से मौसम में काफी राहत देखी गई। आसमान साफ हो गया था और वायु गुणवत्ता में भी काफी सुधार आया। प्रकृति की अचानक मेहरबानी से मिली इस स्थिति को संभालने की जरूरत थी, लेकिन बहुत सारे लोगों को इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं लगा।

हालांकि इस बात की आशंका पहले से थी कि दिवाली के मौके पर आतिशबाजी अगर अनियंत्रित हुई तो स्थिति बिगड़ सकती है। मगर अगले दिन दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक और प्रदूषण की जैसी तस्वीर सामने आई, उससे यह एक बार फिर साफ हुआ कि लोग अपनी सेहत के सामने खड़ी चुनौती के बावजूद क्षणिक खुशियों को काबू में रखने को तैयार नहीं हैं।

प्रतिबंध के बावजूद इस बार जितने बड़े पैमाने पर आतिशबाजी हुई, उसका नतीजा अगले दिन देखने को मिला। गौरतलब है कि दिवाली के दिन शाम को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगभग दो सौ के आसपास था, मगर अगले दिन यह फिर चार सौ पर पहुंच गया। यह हालत देश के ज्यादातर मुख्य शहरों की थी।

दिल्ली और मुंबई सहित कुछ शहरों में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण के भी पुराने आंकड़े ध्वस्त हो गए। यह समझना मुश्किल है कि जब प्रदूषण की वजह से आम जनजीवन बाधित हो रहा है, बहुत सारे लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो रहा हो, सेहत संबंधी कई गंभीर चुनौतियां पेश आ रही हैं, उसे और बिगाड़ने में लोग कैसे उत्साह से हिस्सा लेते हैं?

जाहिर है, यह प्रदूषण जैसे मसले पर जागरूकता के घोर अभाव और समस्या के हल को लेकर निहायत असंवेदनशीलता का ही सूचक है कि अपने सामने खड़े संकट को कम करने के बजाय लोग उसे बढ़ाने में जुटे हैं। सवाल है कि सरकारों को इस संकट का हल कुछ औपचारिक उपायों से आगे क्यों नहीं सूझ पाता।

दिल्ली में प्रदूषण की जो धुंध छाई दिखती है और हवा में पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कणों की मौजूदगी है, इसकी वजह वाहनों के धुएं से लेकर पराली तक को माना जा रहा है।

मगर ऐसा क्यों है कि हवा के दबाव की स्थिति को देखते हुए प्रदूषण को संकट में बदलने वाले वास्तविक कारकों की पहचान करके उसे कुछ दिनों के लिए स्थगित किया जाए, उस पर रोक लगाई जाए।

दिवाली के कुछ दिन पहले से देश के कई शहरों, खासकर दिल्ली में प्रदूषण एक गंभीर संकट के रूप में उपस्थित हो गया था। संयोग से दिल्ली में हुई बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचाई, मगर अगले दिन ही स्थिति फिर बिगड़ गई। सवाल है कि इस दशा में सुधार के लिए सभी स्तरों पर पर्याप्त संवेदनशीलता कब आएगी और ठोस नीतिगत पहल कब होगी?

## बंगाल में राजनीतिक वर्चस्व के लिए हिंसा बना औजार

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दल जनाधार मजबूत बनाने के लिए खुद अपने कार्यकर्ताओं को हिंसक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करते देखे जाते हैं।

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा मानो वहां की संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। ऐसा कोई चुनाव नहीं होता, जिसमें बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं होती। चुनाव की घोषणा होने के साथ ही हिंसा का दौर शुरू हो जाता है और चुनाव के बहुत बाद तक चलता रहता है। अब तो लगता है कि वहां राजनीतिक वर्चस्व के लिए हिंसा एक प्रमुख औजार बन गया है।

चौबीस परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या और उसके बाद भीड़ द्वारा एक हमलावर को पीट-पीट कर मार डालना तथा कई घरों में तोड़फोड़ और आगजनी उसी सिलसिले की एक कड़ी है। जिस व्यक्ति की हत्या कर दी गई, वह तृणमूल कांग्रेस की क्षेत्रीय इकाई का अध्यक्ष था। उसकी पत्नी पंचायत की प्रधान है।

अब तृणमूल इस हत्या के पीछे माकपा और भाजपा समर्थित गुंडों का हाथ बता रही है। हर हिंसा के बाद इसी तरह आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते हैं, मगर इस पर रोकथाम का कोई पुख्ता इंतजाम नजर नहीं होता। राज्य सरकार कुछ फौरी कार्रवाइयों के अलावा प्रायः हाथ पर हाथ धरे बैठी देखी जाती है। यही वजह है कि वहां पूरे साल राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता हिंसा और प्रतिहिंसा करते पाए जाते हैं। इसकी वजहें भी छिपी नहीं हैं।

इस साल जुलाई में वहां पंचायत चुनाव हुए, जिसमें बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। उसमें राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार बारह लोग मारे गए। हालांकि मरने वालों की वास्तविक संख्या इससे अधिक बताई जाती है। इसके पहले हुए विधानसभा चुनावों में भी व्यापक हिंसा हुई थी। उसके पहले भी हर चुनाव में बड़े पैमाने पर हिंसा होती रही है।

उन्हीं घटनाओं से सबक लेते हुए पिछले पंचायत चुनाव में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। बड़ी तादाद में केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात किया गया, मगर फिर भी बाकी चुनावों की तुलना में पिछली बार अधिक लोग मारे गए। यों तो देश का शायद ही कोई राज्य हो जहां चुनावों के दौरान राजनीतिक हत्याएं नहीं होतीं, मगर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार इस मामले में पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। वहां हर साल औसतन बीस राजनीतिक हत्याएं होती हैं। जाहिर है, यह सिलसिला हर समय वहां बना रहता है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दल जनाधार मजबूत बनाने के लिए खुद अपने कार्यकर्ताओं को हिंसक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करते देखे जाते हैं। हर गांव-कस्बे में दलगत आधार पर खेमेबंदी है। खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम पर क्लब बने हुए हैं, जिन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इस तरह वहां सदा राजनीतिक वर्चस्व के लिए संघर्ष चलता रहता है।

एक समूह दूसरे के खिलाफ हिंसा करता है, तो दूसरा भी प्रतिहिंसा पर उतर आता है। फिर, एक बड़ा कारण वहां की पंचायतों की अतिरिक्त सक्रियता है। वे अपने इलाके में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं। रेत, कोयला आदि के अवैध खनन भी उनके संरक्षण में होते बताए जाते हैं। इस तरह पंचायतों पर कब्जा जमाने के लिए संघर्ष बना रहता है।

अक्सर राज्य की सत्ता पर काबिज दल के कार्यकर्ता ही पंचायतों में भी होते हैं, इसलिए उन्हें सत्ता का स्वाभाविक संरक्षण प्राप्त होता है। ऐसी हिंसक घटनाओं पर राज्य प्रशासन का पक्षपातपूर्ण रवैया भी छिपा नहीं है। ममता बनर्जी बेशक स्वच्छ प्रशासन की बात करती हों, पर वे भी अपने उपद्रवी कार्यकर्ताओं को अनुशासित करती कभी नहीं देखी गईं। बिना दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के वहां हिंसा का सिलसिला नहीं रुक सकता।

अन्तर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस - 16 नवम्बर, 2023

# असहिष्णुता की ही निष्पत्ति है युद्ध एवं आतंकवाद



ललित गर्ग

विश्व में सहिष्णुता को बढ़ावा देने और जन-जन में शांति, सहनशीलता एवं संवेदना के लिये जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संसार में हिंसा की भावना और नकारात्मकता को खत्म कर अहिंसा को बढ़ावा देना है। दुनिया में बढ़ते अत्याचार, आतंक, हिंसा और अन्याय को रोकने और लोगों को सहनशीलता और सहिष्णुता के प्रति जागरूकता की भावना जगाने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। यह दिवस सभी धर्मों और अलग-अलग संस्कृतियों को एक होने की प्रेरणा देता है। इसीलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सहिष्णुता की भावना फैलाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। भारत के लिये इस दिवस का विशेष महत्व इसलिये भी है कि महात्मा गांधी की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्रीय महासभा के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था।

हर साल पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, बदलते लाइफस्टाइल और सामाजिक माहौल की वजह से लोगों के अंदर सहनशीलता लगातार घटती जा रही है। सामाजिक माहौल ना बिगड़े और लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहे, इसी संकल्प के साथ अंतरराष्ट्रीय सहनशीलता दिवस मनाया जाता है। सहनशीलता दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्योंकि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई-झगड़ा एवं युद्ध की स्थितियां बनना आम हो गया है। रूस-यूक्रेन एवं इजरायल-हमाम के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध विश्व मानव समाज के लिये गंभीर खतरा है। लगातार युद्ध की बढ़ती स्थितियां एवं आतंकवाद की बढ़ना व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व में बढ़ती असहिष्णुता का ही परिणाम है। किसी भी युग में किसी भी देश में जब-जब सहिष्णुता की दीवार में कोई सुराख करने की कोशिश हुई है, तब-तब आसुरी एवं हिंसक शक्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है और विनाश का तांडव रचा है। सहिष्णुता तभी कायम रह सकती है जब संवाद कायम रहे। सहिष्णुता इमारत है तो संवाद आधार। लेकिन प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद के जाल में फंस चुके इस विश्व में यह संवाद लगातार टूटता जा रहा है।

सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना। मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरूद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है।

बताया जाता है कि सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को दम्भी या अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है। शेख फरीद पुकार-पुकार कर खुद को समझाते हैं, 'ओ फरीद, अगर तेरे वैरी तुझ पर मुक्कों का प्रहार करते हैं, तब भी बदले में तुम उन पर हाथ मत उठाना। तुम तो उनसे प्रीति ही करना। उन्हें आशीष देना। उनका भला मांगना और उनके पांव चूम कर चुपचाप अपने घर चले जाना।' ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों से कहा, 'हिंसा का प्रतिकार कभी हिंसा से नहीं करना, बल्कि सहिष्णुता से करना और अगर कोई तुम्हारे एक अंग पर प्रहार करे तो दूसरा अंग भी उसके आगे कर देना।' आततायियों द्वारा सलीब पर चढ़ाए जाते हुए भी ईसा मसीह ने कहा, 'हे ईश्वर, इन्हें क्षमा कर देना क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।'

सहनशीलता का जिंदगी में बहुत महत्त्व है। जिसने जीवन में सहन करना सीख लिया वह जिंदगी की हर जंग जीत सकता है। सहिष्णुता जीवन शक्ति का पर्याय है। विश्व के देशों में सहनशीलता का निरंतर क्षरण हो रहा है। शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे है जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। बात विश्व की ही नहीं, राष्ट्र एवं समाज की भी है, हर ओर छोटी-छोटी बातों पर उत्तेतना, आक्रोश, हिंसा के परिदृश्य व्याप्त है। विश्व सहिष्णुता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जारहा है कि मानव समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे। मनु, बुद्ध, महावीर और नानक, गांधी ने किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी पक्ष द्वारा हिंसक मार्ग के अनुसरण को यह कहकर नकारा कि सात्विक दृष्टि से जब सब एक ही (परमात्मा) के अंश है, आस्था एक ही हैं तो फिर विद्वेष, प्रतिहिंसा और प्रतियोगिता क्यों?

जिस समाज के पास वेदवाणी और गुरुवाणी से लेकर गांधी तक अहिंसावादी विचारों की धरोहर हो, वहां इतनी असहिष्णुता और इतनी हिंसा क्यों? एक बहुत झीनी, नाजुक और पतली सी दीवार है सहिष्णुता, जिसके पीछे हिंसा, घृणा, वैर विरोध और प्रतिरोध जैसे विकार घात लगाए बैठे हैं। पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक या आर्थिक में से कोई भी कारण सहिष्णुता की नाजुक दीवार को गिराने के लिए काफी हो सकता है।

# सूर्योपासना का महापर्व छठ



डॉ नन्दकिशोर साह

मनुष्य ने पर्व को उत्सव बनाने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ही सहारा लिया है। हम सब जानते हैं कि सूरज से ही जीवन है। प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा भी सूरज ही करता है। इसलिए कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी एवं सप्तमी 4 दिनों तक लगातार चलने वाला छठ पर्व भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी काफी धूमधाम से मनाया जाता है। सभी लोग घाट पर सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं और उनसे बहुत कुछ मांगते हैं क्योंकि पूरा जीवन देने वाला तो वही है। वह एकमात्र देवता है जिनकी डूबते समय भी पूजा होती है।

छठ पर्व सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। यह पर्व बिहार वासियों का सबसे बड़ा पर्व है। ये हमार संस्कृति है।

स्वच्छता का प्रतीक है। इन दिनों लोग अपने घर के प्रत्येक सामान की साफ- सफाई करते हैं। साथ ही सार्वजनिक स्थलों को भी साफ करते हैं। बिहार और आसपास के राज्यों में सूर्योपासना का पर्व छठ धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

छठ पर्व में भारतीय जीवन दर्शन भी समाहित है। यह समूचे विश्व को बताता है कि उगते हुए अर्थात उदीयमान सूर्य को तो संपूर्ण जगत प्रणाम करता है लेकिन हम तो उसी श्रद्धा और भक्ति के साथ ससम्मान डूबते हुए अर्थात अस्ताचलगामी सूर्य की भी उपासना और पूजा करते है। सूरज का समय अटल है। यह हमारे भारतीय समाज का आशावादी विश्वास है।

इतनाही ही नहीं इस पर्व में सभी जातियों का सहयोग लिया जाता है। डोम से दउरा- सुपली, ग्वाला से दूध, माली से पान-फूल, कुम्हार से मिट्टी के बर्तन आदि लेकर पूजा में शामिल किया जाता है। इसमें गन्ना, अदरक, नींबू, नारियल, लौंग, इलायची, मूली, मटर सहित कई फलों आदि से सूर्य को अरक दिया जाता है। इससे कई परिवारों की रोजी-रोटी भी चलती है। सभी वर्ग आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होते हैं। छठ समाज को एक करने वाला व्रत है।

इस पर्व के समय प्रतिदिन नशा करने वाला शराबी भी शराब पीना छोड़ देता है। हालांकि आजकल बिहार में शराबबंदी है। खैनी खाकर जहां-तहां थूकने के लिए बदनाम लोग भी अपने घर और आंगन के आसपास ही नहीं बहुत दूर-दूर तक सड़क की भी साफ- सफाई स्वयं करते हैं। जमींदार लोग जिनके यहां सफाई करने के लिए आदमी रखे जाते हैं, वह स्वयं अपने हाथों से सड़क की सफाई करते हैं और लोग यत्र- तत्र थूकने से बचते है।

सूरज सब से जुड़े हुए हैं इसलिए वह सबको जोड़ देते हैं। जाति- वर्ग, अमीर-गरीब, स्त्री-पुरुष सब मिलकर एक घाट पर एक साथ सूरज को प्रणाम करते हैं। यह सभी को जोड़ने वाला पर्व है। एक आदर्श पर्व है। अनुकरणीय पर्व है। बड़ा ही प्यारा और सुखद अनुभूति होती है। बिना सामूहिक हुए पर्वों का आनंद नहीं लिया जा सकता है। इसलिए परिवार से दूर रहने वाले सभी लोग अपने घर आ जाते हैं।

बच्चे अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी सहित परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर खुशियां मानते हैं। इस दिन घर में तरह-तरह के पकवान बनता है। अपनी शक्ति और श्रद्धा के अनुसार गरीबों में मिठाइयां कपड़ा आदि बांटते हैं। सामूहिक रूप से पर्व मनाते हैं। छठ पर्व सामाजिक समरसता का प्रतीक हैं। विज्ञान आधारित हैं।

# नारी स्मिता - सवाल भरोसे का ?

निर्मल रानी

दुनिया के अन्य देशों की तुलना में हमारे देश में नारी स्मिता व सम्मान की सबसे अधिक दुहाई दी जाती है। बल्कि इसका ढोल पीटा जाता है। नारी को देवी तुल्य बताने से लेकर स्वयं उसे पूजने तक का घोर प्रदर्शन किया जाता है। नारी के नाम पर तरह तरह की योजनायें ,पुरस्कार,सम्मान और न जाने क्या क्या घोषित किये जाते हैं। नारी आरक्षण के श्रेय को लेकर राजनैतिक दलों में घमासान मचा दिखाई देता है। नारी वंदना जैसे मधुर शब्द महिला आरक्षण के सम्बन्ध में सुनाई देते हैं। नवरात्रों में कन्या पूजन देखिये तो ऐसा लगेगा कि भारत नारी स्मिता व सम्मान का विश्व में सबसे बड़ा आदर्श राष्ट्र है। मज़े की बात यह है कि नारी स्मिता व सम्मान की रक्षा की बातें भी वही पुरुष समाज बढ़ चढ़कर करता है जिसपर नारी शोषण का इलज़ाम सहस्त्राब्दियों से लगता आ रहा है। परन्तु यह सारी बातें महज़ बातें ही मात्र हैं। क्योंकि हमारे देश में विवाहित पत्नी को छोड़ भागने वाले लोग गृहस्थ जीवन की सफलता के मन्त्र देते सुनाई देते हैं।

गोविन्द ईश्वर तुल्य गुरु अपनी शिष्यों से बलात्कार करते और हमारे ही देश की विभिन्न जेलों में सज़ाएं काटते दिखाई देते हैं। देश की संसदीय व्यवस्था में घुसे अनेक व्यभिचारी सत्ता संरक्षण में महिला स्मिता की धज्जियाँ उड़ाते दिखाई देते हैं। इसी भारत महान में पुरुषों की भीड़ महिलाओं को नग्न कर दौड़ाती,पीटती व सामूहिक बलात्कार करती है। निर्भया जैसी हृदय विदारक घटनायें तो देश में कहीं न कहीं होती ही रहती हैं। केंद्रीय मंत्री स्तर के लोग नारी व्यभिचार में पकड़े जाने के बावजूद सत्ता द्वारा बेदाग़ बरी कर दिये जाते हैं।

और तो और नारी शोषण का आरोप लगाने वाली महिलाओं को ही सत्ता व मीडिया की जुगलबंदी सवालों के घेरे में खड़ा कर देती है और राजनैतिक नफ़े-नुक़सान के मद्दे नज़र आरोपी को बचाती दिखाई देती है। गोया सीधे शब्दों में हमारे देश में नारी स्मिता पर प्रवचन पिलाने वाले पुरुष समाज की कथनी और करनी में एक बड़ा अंतर साफ़ दिखाई देता है। महिला हितों पर भाषण देने वाले सदन में ब्ल्यू फ़िल्म देखते क़ैद हुये। और इसी दोगली व्यवस्था का सबसे भयावह सच यह भी है कि स्वयं को शिक्षित बताने वाली महिलायें भी किसी महिला की इस्मत व आबरू की शर्त पर नहीं बल्कि अपनी अपनी पार्टी लाईन व पार्टी निर्देशों के अनुसार किसी पीड़ित महिला या आरोपी दुष्कर्मी के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने का निर्णय लेती हैं। गोया ऐसी पेशेवर औरतों की अंतरात्मा ही मर चुकी होती है। और इस से भी बड़ी बेशर्मी गोया डूब मरने जैसी बात यह भी है कि अब पीड़ित महिला व आरोपी बलात्कारी या हत्यारे का पक्ष -विपक्ष उसके धर्म के आधार पर तय होने लगा है। दर्जनों उदाहरण हमारे महान भारत में ऐसे मिलेंगे जबकि आरोपी बलात्कारियों के पक्ष में रैली,जुलूस,धरना प्रदर्शन आयोजित हुये। अदालत से लेकर सत्ता व प्रशासन तक हत्यारे बलात्कारियों के हक़ में फ़ैसला लेते दिखाई दिये ? आसिफ़ा और बिलक़ीस बानो दो ही नाम ऐसे उदाहरण के लिये काफ़ी हैं।

## बड़े अजीब होते हैं ना ये सपने

बड़े अजीब होते हैं ना ये सपने
बंद पलकों के बीच चले आते हैं,
अब तो नींद का इंतजार भी नहीं करते
बस पलकों के मूँदते ही आँखें
बुनने लगती हैं अधूरे ख्वाब
पूरे होने की एक मीठी सी ख्वाहिश लिये
कि एक ना एक दिन तो शायद
इन्हें पूरा होते देखेंगे
कि कभी तो ये होठ मुस्कुरायेंगे
और गुनगुनायेंगे कोई गीत ऐसा
कि दिल नाच उठेगा उमंग से
और पग झूम उठेंगे मगन होकर
जब मन की गहराइयों में एक हूक उठेगी
हाँ! वो ख्वाब, वो सपना आज पूरा हो गया
जो मेरी जागती हुई आँखों ने
मेरी बंद पलकों में बीच संजोया था
उन अनगिनत रातों में जब नींद
इन आँखों से दूर, बहुत दूर हुआ करती थी



श्वेता अग्रवाल

# भारत अमेरिका आतंकवादी गतिविधियों, संगठनों पर लगाम लगानें साथ-साथ



57 देशों के ताकतवर इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को 7 देशों ने रोका - युद्ध छोड़कर मानवीय भाईचारा अपनाना ज़रूरी - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से दुनियां के देशों में आपसी प्रेम भाईचारा वात्सल्य सद्भाव के स्थान पर तल्खी देखने को मिल रही है तो, दूसरी ओर एक गोलबंदी टाइप का स्तर बनते जा रहा है, क्योंकि कुछ पावरफुल देश अपने पक्ष में ताकत का माहौल बनाने में लगे हुए हैं जिनको एक गति का रूप रूस यूक्रेन युद्ध से मिल गया है, तो आग में घी डालने का काम हमास इजरायल युद्ध से हुआ है।उधर ताइवान चीन मामले में अमेरिका का भी दखल दिख रहा है तो भारत के पड़ोसी देशों को चीन का शेल्टर जग जाहिर है यानें एशिया, साउथ एशिया, इस्लामिक सहयोग संगठन यूरोपियन स्टेट, अफ्रीकी संघ सहित अनेक गुटों में दुनिया बटी हुई दिखाई दे रही है तो इसी बीच हमास इजरायल युद्ध की तरफ दुनियां का ध्यान खींच गया है, क्योंकि मामला तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहा है संयुक्तराष्ट्र ने युद्ध विराम का प्रस्ताव 120/14 मतों से पारित हुआ तो वहीं भारत सहित 45 देश ने वोटिंग से बाहर रहे अमेरिका मानवीय विराम चाहता है तो कई इस्लामी देश पूर्ण युद्ध विराम चाहते हैं। जबकि इजाराइल संयुक्त राष्ट्र के युद्ध विराम की अपील को मना कर दिया है।इसी बीच 11 नवंबर 2023 को 57 देशों के इस्लामी सहयोग संगठन(आईओसी) के इस्लामी अरब शिखर सम्मेलन में इजराइल से अपने सभी राजदूत बुलाने तेल और अन्य आपूर्ति बंद करने सहित अनेको प्रस्ताव थे, लेकिन आईओसी के ही सदस्य 7 देशों के कारण यह प्रस्ताव गिर गया, ऐसी जानकारी मीडिया में आई है हालांकि 11 नवंबर2023 को इस्लामिक अरब शिखर सम्मेलन के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में ऐसे किसी प्रस्ताव की कोई जानकारी नहीं दी गई है।यह आर्टिकल भी इसकी पुष्टि नहीं करता। चूंकि संभवत अमेरिका के दबदबे के चलते ही 57 देश की आईओसी बैठक में तथाकथित प्रस्ताव गिर गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 57 देश के ताकतवर इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को 7 देशों ने रोका परंतु मेरा मानना है कि युद्ध छोड़ मानवीय भाईचारा रखनाअत्यंत जरूरी है। साथियों बात अगर हम 11 नवंबर 2023 को संपन्न हुई आईओसी समर्थित इस्लामी अरब शिखर सम्मेलन के नतीजो की करें तो, सऊदी अरब के जेद्दाह में 57 मुस्लिम देशों के इस्लामिक अरब शिखर सम्मेलन की मीटिंग में इजरायल के खिलाफ ठोस एक ?शन पर सहमति नहीं बन सकी और यह रस् ?मी बयानबाजी के साथ खत्म हो गई। यह मीटिंग गाजा में जारी इजरायली हमलों के मद्देनजर बुलाई गई थी जिसमें पाकिस्तान, तुर्किए समेत कुछ देशों ने सीजफायर की मांग की थी। अल्जीरिया, लेबनान जैसे कुछ देशों ने इजरायल के लिए तेल की सप्लाई रोकने का प्रस्ताव दिया था लेकिन इस पर भी सहमति नहीं बन सकी इस्लामिक दुनिया के नेता माने जाने वाले सऊदी अरब उसने इजरायल के साथ सभी तरह के संबंधों को खत्म करने को लेकर इस्लामिक अरब शिखर सम्मेलन में पेश किए गए एक प्रस्ताव को पास होने से रोक दिया है। सऊदी अरब के साथ-साथ संयुक्त अरब अमीरात समेत 7 मुस्लिम देश इस प्रस्ताव के विरोध में खड़े हो गए जिसके बाद इजरायल के खिलाफ संपूर्ण बहिष्कार का प्रस्ताव पास नहीं हो पाया है।प्रस्ताव में कहा गया कि इजरायल के साथ इस्लामिक देश सभी तरह के राजनयिक और आर्थिक संबंध खत्म कर लें और इजरायली उड़ानों को अरब हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल न करने दें। इसराइल के एक पेपर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में कहा गया कि तेल उत्पादक मुस्लिम देश गाजा में युद्धविराम के लिए इजरायल को धमकी दें कि अगर वो युद्धविराम नहीं करता तो उसे तेल की आपूर्ति रोक दी जाएगी। रिपोर्ट में अरब मामलों के विश्लेषक के हवाले से कहा गया कि प्रस्ताव को सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), जॉर्डन, मिस्र, बहरीन, सूडान, मोरक्को, मॉरिटानिया और जिबूती ने अस्वीकार कर दिया। सऊदी, अरब देश जहां पहले इजरायल के सख्त खिलाफ होकर फिलिस्तीन का समर्थन करते थे, अब उनके रुख में बदलाव आ रहा है। वो अब भी फिलिस्तीन का समर्थन करते हैं लेकिन इजरायल को लेकर उनके रुख में नरमी आ रही है। इसका ताजा उदाहरण इस्लामिक-अरब शिखर सम्मेलन में देखने को मिला जब सऊदी, यूएई समेत 7 मुस्लिम देशों ने इजरायल के खिलाफ एक प्रस्ताव को पास नहीं होने दिया। हालांकि, 11 नवंबर को इस्लामिक अरब शिखर सम्मेलन के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में ऐसे किसी प्रस्ताव को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई थी।सऊदी अरब के क्राउनप्रिंस अब क्षेत्रीय झगड़ों में पड़कर देश के संसाधनों को बर्बाद होते नहीं देखना चाहते बल्कि उनका ध्यान अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट %विजन 2030 की सफलता पर है।इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य सऊदी अरब की तेल आधारित अर्थव्यवस्था में बदलाव लाना है। सऊदी इस प्रोजेक्ट के जरिए विदेशी निवेश को तेजी से आकर्षित कर रहा है और अपनी रूढ़िवादी इस्लामिक छवि में भी सुधार कर रहा है. इस प्रोजेक्ट के जरिए सऊदी अपने पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहा है. इसी क्रम में सऊदी ने ईरान और सीरिया के साथ अपने संबंधों को सामान्य किया है। साथियों बात अगर हम प्रस्ताव के विरोध वाले देशों की करें तो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले दो प्रतिनिधियों ने समाचार एजेंसी को बताया कि अल्जीरिया ने इजरायल के साथ सभी संबंधों को खत्म करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया है, उन्होंने कहा कि अरब के कुछ देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है क्योंकि उन्होंने मौजूदा संकट के बीच इजरायल के साथ बातचीत जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। सऊदी अरब पहले 11 नवंबर को इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक और 12 नवंबर को अरब लीग शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला था, हालांकि, गाजा में मानवीय संकट को देखते हुए सऊदी ने 11 नवंबर को राजधानी रियाद में एक संयुक्त शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का फैसला किया। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने कहा कि फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ जो भी अपराध हो रहे हैं, उसके लिए इजरायल जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि संकट को समाप्त करने के लिए तत्काल युद्धविराम होना चाहिए।बहरीन और यूएई ने मीटिंग में रखे गए प्रस्तावों पर आपत्ति दर्ज कराई और अपना पक्ष भी रखा; जिससे प्रस्ताव खारिज हो गया। इजरायल के साथ बहरीन और यूएई ने 2020 में अपने संबंध सुधारे थे और अब्राहम अकॉर्ड पर समझौता हुआथा। सीरिया के राष्ट्रपति ने कहा कि मीटिंग में कोई भी ठोस प्रस्ताव नहीं रखा जा सकामिडिल ईस्ट के देशों को इजरायल के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### वीर भूमि महोबा में 'दीवारी' की धूम

महोबा। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल में प्रचलित दीवारी लोकनृत्य की ऐसी अनूठी विधा है जिसमे हर्षोल्लास और उमंग के साथ शौर्य,स्फूर्ति,साहस एवं युद्ध कला.कौशल का अद्भुत समावेश होता है। ब्रज मण्डल से आकर बुंदेलखण्ड के लोक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई कला संस्कृति की यह विधा अनुपम व अद्वितीय है। ज्योति पर्व दीपावली के अवसर पर समूचे विंध्य क्षेत्र में इन दिनों दीवारी की धूम मची है। बुन्देलखण्ड की मिट्टी में पुरातन परम्पराओं की महक रची.बसी है। लोक जीवन मे प्रचलित व्रत,पर्व हो या फिर कोई अन्य उत्सव यहां प्राचीन परम्पराओं के निर्वाह को अभी छोड़ा नहीं गया है। यही कारण है कि दीपावली का पर्व देश में अलग.अलग स्थानों पर चाहे जिस ढंग से मनाया जाता हो। लेकिन बुन्देलखण्ड की दिवारी समूचे देश में अनूठी है। दीपोत्सव पर सुख,समृद्धि की कामना के साथ जहां लक्ष्मी.गणेश का पूजन किया जाता है वहीं गोवर्धन पूजा में गोवंश की सुरक्षा,संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लेकर मौन चराने का कठिन व्रत भी लिया जाता है। यही मौन पालक 'मौनिया' समूहों में जब 12 कोसी परिक्रमा के लिये देव स्थलों के दर्शन पूजन को निकलते है तो श्रद्धा.भक्ति की लय पर उनके थिरकते हुए पैर दीवारी नृत्य को जन्म देते है।

### सड़क हादसे में दो की मौत, तीन घायल

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के देवरनिया क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्यं गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव वसुंधरा निवासी जोगिंदर, संजीव, शिवम, भूपेंद्र और ट्रैक्टर चालक कृष्ण पाल के साथ ईंट भट्ठे पर काम करते थे। बुधवार तड़के चार बजे भट्ठे से ईंट भरकर ट्रैक्टर ट्राली से बहेड़ी जा रहे थे कि अदलपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में जोगिंदर और संजीव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जोगिंदर की शादी तीन साल पहले हुई थी। पुलिस अधीक्षक देहात बरेली मुकेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि पुलिस हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है, जिसने टक्कर मारी है। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल के लिए भिजवाया।

### सस्ते के नाम पर बिक रही सड़ी प्याज

सुलतानपुर। सुल्तानपुर मंडी में प्याज की रिटेल 40 रुपए प्रति किलो है। पब्लिक को सस्ती प्याज उपलब्ध हो सके इसके लिए सरकारी प्याज की खेप लदी मैजिक गाड़ियां नगर क्षेत्र में पहुंची तो खरीदारों की भीड़ लग गई। इस पर सस्ते के नाम पर सड़ी प्याज बिकती दिखी। बता दें कि बुधवार को नगर क्षेत्र के बस स्टॉप, कोतवाली नगर समेत लगभग आधा दर्जन क्षेत्रों में सस्ती प्याज लदी मैजिक गाड़ियां सड़क किनारे पहुंची। गाड़ियों पर लगे बैनर को देख भीड़ चल पड़ी कि सरकार से हमें सस्ती प्याज मिल रही है। लेकिन जब गाड़ियों पर प्याज बेच रहे लोगों ने इसकी तौल शुरू की तो हकीकत सामने आई। अधिकतर प्याज सड़ी या काली पड़ चुकी थी। भारत सरकार के बैनर लगी मैजिक पर सड़ी फफूंदी लगी प्याज को देखकर लोगों में रोष दिखा। वहीं, फूड विभाग के अधिकारी इसकी जांच पड़ताल के लिए नदारद दिखे। उधर अमहट मंडी में मंडी व्यापारियों के अध्यक्ष लईया ने बताया कि यहां 40 रुपए खुदरा में प्याज बेची जा रही है। इस मामले में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### बुलंदशहर में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

खुर्जा। बुलंदशहर में ककोड़ कोतवाली क्षेत्र में एक घर में सो रहे प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की दी गई। खास बात है कि हत्या करने के बाद घर के मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था। घर से दुर्गंध आने के बाद ग्रामीणों को घटना का अंदेशा हुआ तो ककोड़ कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की गर्दन पर गहरे घाव मिलने से ग्रामीणों ने हत्या किए जाने की आंशका जताई है। ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी तेजपाल सिंह सोलंकी प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे। अपनी पत्नी से उनका किसी बात को लेकर पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। जिसके बाद से वह अपने भांजी की ससुराल में रह रहे थे। बुधवार को प्रॉपर्टी डीलर तेजपाल सिंह के कमरे से तेज बदबू आने पर ग्रामीणों ने घटना का अंदेशा जताते हुए ककोड़ की कोतवाली पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची ककोड़ पुलिस ने किवाड़ तोड़कर प्रॉपर्टी डीलर के शव को बाहर निकाला। बदबू आने के कारण शव एक या दो दिन पुराना बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, तेजपाल सिंह की गर्दन पर गहरे घाव हैं।

### खुर्जा में चचेरे भाई ने युवक को मारी गोली

खुर्जा। खुर्जा में शिकारपुर के थाना सलेमपुर के गांव चिट्ठा में अवैध संबंधों के शक में चचेरे भाई ने युवक को गोली मार दी। दिनदहाड़े गोली चलने से इलाके के लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घायल की हालत फिलहाल नाजुक बताई जा रही है। शिकारपुर कोतवाली के थाना सलेमपुर के गांव चिट्ठा में अवैध संबंधों के शक में चचेरे भाई ने युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। थाना सलेमपुर पुलिस के अनुसार, आरोपी इरशाद की पत्नी से पीड़ित आरिफ के अवैध संबंध थे। जिसके चलते अवैध संबंधों के शक में इरशाद ने नोंकझोंक के बाद आरिफ को गोली मार दी। अचानक गोली चलने से इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया। घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिन दहाड़े गोली चलने की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिल्हाल घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। युवक को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है।

### गाजीपुर जिला जेल में कैदी की मौत

गाजीपुर। पूर्वांचल की संवेदनशील जेलों की लिस्ट में शामिल गाजीपुर जेल में बुधवार को एक बंदी पीपल के पेड़ से लटकता पाया गया। सूचना मिलते ही महकमें में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कैदी की पहचान बैरक नंबर 3 में निरुद्ध विचाराधीन बंदी अमन कुमार के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही एसडीएम समेत अन्य आला अधिकारी जेल में पहुंच गए और मामले की जानकारी हासिल की। घटना के बाद जेल प्रशासन पूरी तरह कटघरे में खड़ा हो गया है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि जेल परिसर स्थित पीपल के पेड़ से बंदी का शव लटकता हुआ मिला है। सूचना मिलते ही अफसरो की टीम मौके पर भेज दी गई। मृतक पॉस्को और दुष्कर्म मामले में जेल में निरुध्द था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फायर ब्रिगेड टीम को मौके पर बुलाया। इसके बाद सीढ़ी के सहारे शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

### पंखे से लटकता मिला विवाहिता का शव

भदोही (संत रविदास नगर)। भदोही के औराई थाना क्षेत्र के नरथुआ गांव निवासी दिनेश मिश्रा की पत्नी का शव बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थिति में पंखे पर लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी होते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने कहा कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। औराई थाना क्षेत्र के नरथुआ गांव निवासी दिनेश मिश्रा की शादी नोहरीपुर समधा गांव निवासी प्रीति से 2014 में हुई थी। दोनों के दो लड़की और एक लड़का भी है। मायके वालों ने बताया है कि बीती रात प्रीति से ससुराल वालों से बेटी की कुछ कहासुनी हुई थी और आज सुबह प्रीति का शव पंखे पर लटकता हुआ मिला।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय सुविधाओं को नई ऊंचाई देगी योगी सरकार

**अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर्स की कायाकल्प व वार्षिक मेंटिनेंस को पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया हुई शुरू**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की जनता को उत्तम स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सीय सुविधाओं को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश की जनता तक वर्ल्ड क्लास मॉडर्न फैसिलिटीज की पहुंच में इजाफा करने के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए संस्थान में तमाम ऑपरेशन थिएटर्स की वार्षिक रखरखाव तथा दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया को भी पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इसके अतिरिक्त, लोहिया अस्पताल से संबद्ध राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मदर व चाइल्ड हॉस्पिटल (आरएमएलआईएमएस) में मेडिकल गैस सप्लाई सिस्टम की आपूर्ति को लेकर भी प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। जाहिर है, इन दोनों प्रक्रियाओं के पूर्ण होने से लोगों को काफी



सहूलियतें मिलेंगी और लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।

इन महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के अतिरिक्त डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में वार्षिक स्थापना दिवस पर तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को भी हरी झंडी मिल गई है।

#### 13 ओटी ग्रुप्स का होगा कायाकल्प

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जिन ऑपरेशन थिएटर (ओटी) ग्रुप्स के कायाकल्प की प्रक्रिया की शुरुआत हुई है उनमें से मुख्यत: 13 ओटी ग्रुप्स को वरीयता मिली है। ग्रुप ए के अंतर्गत प्रथम तल पर स्थित 4 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर्स, ग्रुप बी के तहत प्रथम व द्वितीय तल पर 1-1 तथा तृतीय व चतुर्थ तल पर 1-1 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर्स के कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटिनेंस वर्क्स को पूर्ण किया जाएगा। वहीं, ग्राउंड फ्लोर पर स्थित 2 कन्वेंशनल ऑपरेशन थिएटर्स तथा द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ तल पर स्थित एक-एक कन्वेंशनल ऑपरेशन थिएटर्स के एनुअल मेंटिनेंस व दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

इन ऑपरेशन थिएटर्स वॉल व सीलिंग के दुरूस्तीकरण, फ्लोरिंग, लेमिनार एयरफ्लो सिस्टम के दुरुस्तीकरण, स्लाइडिंग डोर्स की मरम्मत, स्क्रब यूनिट के लिए पीवीसी कनेक्शन, कंट्रोल पैनल, एक्स-रे व्यू बॉक्स, प्रेशर रिलीजिंग डैंपर समेत कई अपडेशन व मरम्मत कार्यों को अंजाम दिया जाएगा। इनके पूर्ण होने से न केवल ऑपरेशन थिएटर्स की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा बल्कि जटिल ऑपरेशन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने में आसानी होगी।

#### मेडिकल गैस सप्लाई समेत वार्षिक स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मिली हरी झंडी

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अंतर्गत राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मदर व चाइल्ड हॉस्पिटल (आरएमएलआईएमएस) में मेडिकल गैस सप्लाई सिस्टम की आपूर्ति को लेकर भी प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है।

जिन मेडिकल गैस सप्लाई सिस्टम की आपूर्ति होनी है उनमें ऑक्सीजन सप्लाई के लिए फुली ऑटोमैटिक गैस कंट्रोल पैनल, 15 प्लस 15 व 8 प्लस 8 सिलेंडर ऑक्सीजन व फ्लो असेंब्लिंग यूनिट को दुरुस्त किया जाएगा।

## आतंक का पर्याय बना कातिल सांड़, गांव में दहशत का माहौल

बलिया। (पी एम ए) सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बस्ती बुजुर्ग गांव में एक सांड़ कातिल बन गया है। साड़ के आतंक से पूरा गांव दहशत में है। दीपावली के दिन एक बुजुर्ग को मौत के घाट उतारने के बाद सांड़ का खौफ बढ़ गया है। लोग प्रशासन से इसे पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

लोगों का मानना है कि सांड़ बहुत खतरनाक है। लोग उसे देखते ही रास्ता बदल देते हैं। गांव के लोग रात को नहीं निकलते। जिला प्रशासन को उसे जल्द पकड़ना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के बस्ती बुजुर्ग गांव में जब पूरा देश दीप जलाकर खुशियां माना रहा था। उस वक्त एक घर में मातम पसरा हुआ था।

मृतक बुजुर्ग के बेटे शेषनाथ गुप्ता की मानें तो आवारा साड़ ने दीपावली के दिन मंदिर में दिप जलाने जा रहे राजकुमार गुप्ता को उठाकर पटक दिया। जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई। यह आवारा साड़ कई लोगों को घायल कर चुका है।

इसके आतंक से पूरा गांव दहशत में है। कोई व्यक्ति शाम को अकेले बाहर नहीं निकलता। इसे देखते ही लोग अपना रास्ता बदल देते हैं। गांव के कई लोगों को घायल कर चुका है।

कातिल सांड़ के हमले की शिकार हुई महिला बबली देवी ने हाथ में हल्दी का लेप लगाकर अपना दर्द बयां किया।

कहा कि धनतेरस के दिन गांव के ही एक दुकान से सामान खरीदने जा रही थी कि अचानक सांड़ ने उसे भी उठाकर पटक दिया। जिसे उसकी जान तो बच गई मगर उसका हाथ टूट गया। महिला ने सांड़ को जिला प्रशासन से जान से मार देने की मांग किया है।

घायल बुजुर्ग श्रीकांत वर्मा की मानें तो खेत में सांड़ उसकी फसल खा रहा था।

तभी शाम के वक्त बुजुर्ग उसे भगाने गया तो गुस्साए सांड़ ने अपने नुकीले सिंघ से पेट फाड़ दिया और वह घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल के बाद वाराणसी रेफर किया गया।

जहां लाखों रुपये खर्च करने के बाद उसकी जान बची। घायल बुजुर्ग ने कहा अभी भी वह सांड़ गांव में ही है। उसे देखते ही हम लोग रास्ता बदल देते हैं। वह बहुत खतरनाक है।

## लखनऊ में आज होगा सुब्रत रॉय का अंतिम संस्कार

लखनऊ। देश के दिग्गज उद्योग समूह 'सहारा इंडिया परिवार' के मुखिया सुब्रत रॉय सहारा का अंतिम संस्कार गुरुवार को लखनऊ में किया जायेगा। रॉय का मंगलवार देर रात मुंबई के एक अस्पताल में हृदय गति रूकने से निधन हो गया था। संस्थान के सूत्रों के मुताबिक श्री रॉय का पार्थिव शरीर बुधवार दोपहर मुबंई से यहां लाया जायेगा। सहारा शहर में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिये रखा जायेगा। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को गोमतीनगर स्थित बैकुंठ धाम में किया जायेगा। गौरतलब है कि सहारा समूह के संस्थापक श्री रॉय लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह रक्तचाप और हाइपरटेंशन के अलावा कई अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। 12 नवंबर को तबीयत बिगड़ने पर उन्हे मुबंई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी



अस्पताल और मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (केडीएएच) में भर्ती कराया गया था।

बिहार के अररिया जिले में 10 जून 1948 को जन्मे श्री रॉय ने सहारा समूह की शुरुआत 1978 में गोरखपुर से की थी। माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में करीब चार दशकों तक उनकी धाक रही। इस दौरान सहारा समूह का कारोबार देश विदेश में फैला। रियल एस्टेट, फाइनेंस, मीडिया, एंटरटेनमेंट, हेल्थ केयर, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तक में सहारा समूह की चमक फैली।

# गंगा मेला : दो दिन बंद रहेगा गंगा पुल

**कर्तिक पूर्णिमा को लेकर तैयारी, 26 और 27 को बंद रहेगा वाहनों का आवागमन**

बुलंदशहर। बुलंदशहर में ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का मुख्य स्नान 27 नवंबर को होगा। ऐसे में 26 और 27 नवंबर को गंगा पुल से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। रूट प्लान तैयार करने के साथ अस्थायी वाहन पार्किंग के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है।

इस बार कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला 23 नवंबर से शुरू हो जाएगा, जो 15 दिन तक जारी रहेगा। अनूपशहर गंगा पुल से होकर संभल, अमरोहा, अलीगढ़, शिकारपुर, डिबाई और बुलंदशहर समेत अन्य मार्ग के लिए जाने वाले वाहन गुजरते हैं। गंगा स्नान मेले में जिला समेत दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा आदि प्रांतों से श्रद्धालु गंगा



स्नान करने आते हैं। लाखों श्रद्धालुओं के आने से ही इसे लक्खी मेला कहा जाता है। ऐसे में यहां पर जाम की समस्या बनने की आशंका है। इससे निजात दिलाने के लिए 27 और 27 नवंबर को गंगा पुल से वाहनों खासकर भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। जाम से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से रूट प्लान तैयार किया जा रहा है।

इसके तहत जनपद संभल की तरह से गवां चौराहा व बबराला से भारी वाहनों के आगमन पर और बुलंदशहर से आने वाले जहांगीराबाद-डिबाई मार्ग तिराहे पर, थाना अहमदगढ़ व मलकपुर चौकी क्षेत्र बिबियाना चौराहा पर डिबाई के भीमपुर तिराहे पर और अनूपशहर-नरौरा मार्ग पर कर्णवास से भारी वाहनों के आवागमन को बैरियर लगाकर रोका जाएगा। इसके अलावा अन्य खास इंतजाम किए जाएंगे।

#### सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

मेले का समय नजदीक आते ही गंगा स्नान घाट पर बैरिकेटिंग, घाटों की सुरक्षा के लिए नाव, मल्लाह, तैराक और गोताखोर की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, अस्थायी मोबाइल शौचालय, अस्थायी स्नानघर, परिवहन व्यवस्था, पशु चिकित्सा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, मेला कंट्रोल रूम और खोया पाया केंद्र की व्यवस्था का काम शुरू हो गया है। एडीएम नवीन कुमार ने बताया कि मेले की तैयारियों को लेकर लगातार काम चल रहा है।

# अनूपशहर में गंगा स्नान घाटों व पार्किंग स्थलों का निरीक्षण

**दिनेश, लाल महादेव व मंसूरी घाट गहरे जल के चलते रहेंगे प्रतिबंधित**

अनूपशहर। अनूपशहर में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को एसडीएम नवीन कुमार, सीओ पूर्णिमा सिंह व प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौर ने नगर पालिका स्टाफ के साथ सुरक्षित गंगा स्नान सम्पन्न कराने के मद्देनजर स्टीमर से गंगा घाटों का जायजा लेते हुए जल की गहराई को मापा।

इसमें चौहान ठोकर से लेकर दिनेश घाट, लाल महादेव घाट व मंसूरी घाट तक गंगा के गहरे जल स्तर के चलते फिलहाल इन्हें गंगास्नान के लिये



असुरक्षित माना गया। जिसके चलते प्रशासन ने इन गंगा घाटों को प्रतिबंधित घाटों की लिस्ट में रखा है। जबकि जेपी मस्तराम घाट, कुंजघाट व बबस्टरगंज स्थित घाट गंगास्नान के लिए चिह्नित किए गए हैं। जहां स्नान योग्य जल के बाद जल के अंदर बैरिकेडिंग कराकर उस पर गहरे व खतरा के सूचना पट व लालझंडी लगायी जायेगी। जिससे श्रद्धालु स्नानार्थी नहाने योग्य जल से आगे जाकर स्नान ना करें।

इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने वाहन पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। जिसमें अलीगढ़ रोड पर केशव होटल के सामने तथा अलीगढ़ रोड पर पैट्रोल पंप के सामने, बाईपास पर झाड़ी वाले बाबा व उसके सामने खाली पड़ी जगह पर पार्किंग बनायी जायेगी। एसडीएम ने बताया कि गंगा स्नान को लेकर अभी आगे जलस्तर का जायजा लेकर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

## मां की तलाश में गये बच्चों पर कुत्तों का हमला, मौत

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली के शेरगढ़ क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले में एक अबोध बालक की मौत हो गयी। बच्चा मां की तलाश में जंगल गयाा था।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि शेरगढ़ स्थित शिव मंदिर निवासी छेदालाल राठौर की पत्नी सरोज मंगलवार शाम चारा लेने जंगल में गई थी। उसका पांच वर्षीय बेटा दक्ष घर में खेल रहा था। कुछ ही देर बाद मां को तलाशते हुए वह उनके पीछे जंगल की ओर चला गया। रास्ते में एक गन्ने खेत के पास कुत्तों के झुंड ने दक्ष पर हमला कर दिया। उसकी गर्दन और शरीर के कई हिस्सों पर बुरी तरह से काट लिया। कुछ देर बाद वहां से गुजरते हुए पड़ोसी विशाल की निगाह लहूलुहान बच्चे पर पड़ी। वह भागता हुआ उसकी मां के पास पहुंचा और जानकारी दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर घायल दक्ष को लेकर परिजन एक निजी अस्पताल जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। बरेली जिले में कुत्तों के हमले में साल भर में आधा दर्जन से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है और तमाम लोग घायल हो चुके हैं।

## पुलिस ने 5 हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

दीपावली के दिन युवक को पीट-पीटकर उतारा था मौत के घाट, डंडा भी बरामद

अमेठी जिला। अमेठी में दिवाली के दिन पुरानी रंजिश में युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में फरार चल चल रहे सभी पांचों आरोपियों को पुलिस के गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर बाजार शुकुल पुलिस ने आरोपियों को पास से हत्या में प्रयुक्त डंडे को भी बरामद कर लिया है। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे नेवाजी बूबूपुर गांव का रहने वाला है, जहां का रहने वाला राजमिस्त्री जगदीश देर शाम अपने घर जा रहा था, जहां पुरानी रंजिश में विपक्षियों ने लाठी डंडो और लात घूसों से उसकी पिटाई कर दी। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल जगदीश को परिजन बाजार शुकुल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन वहां एडमिट न होने के कारण परिजन उसे निजी अस्पताल पहुंचे, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



#### मामूली कहासुनी में की हत्या

घटना के बाद मृतक की पत्नी फूलमती की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज किया।

आज दोपहर बाजार शुकुल पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर महोना चौराहे के पास से पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों राम नरेश, सुदामा, यश प्रताप, रमेश और सावित्री को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडे को भी बरामद कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि दो महीने पहले जगदीश से मामूली विवाद हुआ उसी को लेकर वो सभी गुस्से में थे। दीपावली की शाम जब जगदीश वापस घर आ रहा था तो उन लोगों ने डंडे से उसके ऊपर हमला कर दिया।

# बहराइच में सड़क हादसे में 2 की मौत, एक घायल

**एक बाइक पर जा रहे थे तीनों, लखनऊ-बहराइच मार्ग पर स्कॉर्पियो ने रौंदा**

बहराइच। बहराइच में ट्रिपलिंग कर रहे बाइक सवारों को स्कॉर्पियो ने रौंद दिया। स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि बाइक के परखचे उड़ गए और मौके पर ही किशोर समेत दो की मौत हो गई।

जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना लखनऊ-बहराइच मार्ग की है।

हरदत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम चौबेपुर डीहा निवासी महबूब आलम पुत्र इमाम अली बुधवार को बाइक से कोतवाली देहात के मरौचा जा रहे थे। बाइक पर पीछे गांव निवासी रोज अली (30) पुत्र कल्लू और लल्ला (15) पुत्र रमजान भी बैठे थे।

लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कोतवाली देहात के बसंतपुर गांव के पास बाइक सवार पहुंचे। तभी लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।

हादसे में मौके पर ही किशोर लल्ला और रोज अली की मौत हो गई। जबकि महबूब आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर टिकोरा मोड़ चौकी इंचार्ज अनुराग प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर कुछ ही देर में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडे और पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों के बयान दर्ज किया। इसके बाद दुर्घटना ग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया।

### बस्ती में दलित युवक को सिगरेट से जलाया

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का लखनौरा गांव उस समय रणभूमि में तब्दील हो गया, जब एक दलित युवक को दूसरे ने सिगरेट से जला दिया। इसको लेकर बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों से जमकर ईंट-पत्थर चले। इतना ही नहीं एक युवक तो जान बचाने के लिए टेम्पों में छिप गया, जिसे मनबढ़ों ने खींचकर बाहर निकाला और उसकी पिटाई कर दी। इसके चलते उसका सिर फट गया। वहीं कई अन्य लोगों को चोट आई है।

## मैनपुरी में सड़क हादसे में युवक की मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी में भैया दूज को बहन के घर जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। भाई बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के घर जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देकर सब पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

त्योहार के दिन परिवार में हुई आकस्मिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सड़क हादसा घिरोर थाना क्षेत्र के घिरोर नहर पुल के पास हुआ। शाहजहांपुर निवासी दुर्गेश तिवारी पुत्र स्वर्गीय नारायण तिवारी अपनी बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के यहां टूंडला शिकोहाबाद जा रहे थे। जैसे ही वह घिरोर थाना क्षेत्र के घिरोर नहर पुल के पास पहुंचे वैसे ही उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम हाउस पर पहुंचे मृतक के भतीजे योगेश तिवारी ने बताया कि उसके चाचा भाई दूज का त्योहार मनाने के अपनी बहन के यहां टूंडला जा रहे थे। रास्ते में घिरोर पुल के पास वह खंदे में पड़े हुए मिले। उनकी बाइक पास ही टूटी पड़ी थी। उनको किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर टक्कर मार दी, किसने मारी है यह उनको पता नहीं हैं क्योंकि उनके चाचा बाइक पर अकेले थे। फिलहाल परिवार में त्योहार पर हुई आकस्मिक मौत से परिवार के लोगों का रो रो-कर बुरा हाल है।

## शार्ट न्यूज

### व्यापार मेले में आयकर विभाग का लाउंज

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आयकर विभाग ने करदाता लाउंज लगाया है जिसका उद्देश्य विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है तथा स्वैच्छिक अनुपालन को आसान बनाने के लिए डिजिटलीकरण, पारदर्शी कराधान, ई-पैन, ई-फाइलिंग, ऑनलाइन शिकायत निवारण आदि के क्षेत्रों में विभिन्न पहलों का प्रदर्शन करना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने आज प्रगति मैदान के हॉल नंबर 5 में सीबीडीटी के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लाउंज का उद्घाटन किया। सीबीडीटी अध्यक्ष ने विभाग द्वारा विकसित मोटू पतलू श्रृंखला पर तीन डिजिटल कॉमिक पुस्तकें भी जारी की गयी। ये कॉमिक्स युवा पाठकों को आयकर की अवधारणाओं को मजेदार और आसान तरीके से समझाती हैं और विभाग की राष्ट्रीय वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी। आईआईटीएफ की थीम वसुधैव कुटुंबकम-यूनाइटेड बाय ट्रेड के अनुरूप, करदाताओं के लाउंज के प्रदर्शन और इंटरैक्टिव डिस्प्ले इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि आयकर विभाग व्यापार को कैसे सुविधाजनक बनाता है।

### आरबीआई ने बजाज फाइनेंस के ईकॉम-इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋणों की मंजूरी और वितरण पर लगाई रोक

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने बुधवार को बजाज फाइनेंस को अपने दो ऋण उत्पादों ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋणों की मंजूरी और वितरण को तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया है। केंद्रीय बैंक ने इसे लेकर एक बयान भी जारी किया है। इसमें आरबीआई ने कहा है कि पाया गया है कि कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक के डिजिटल ऋण दिशानिर्देशों के मौजूदा प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है। विशेष रूप से इन दो ऋण उत्पादों के तहत उधारकर्ताओं को मुख्य तथ्य विवरण जारी न करना और कुंजी में कमियां। ऐसे में यह कार्रवाई आवश्यक हो गई है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, कंपनी द्वारा स्वीकृत अन्य डिजिटल ऋणों के संबंध में तथ्य विवरण जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि आरबीआई की संतुष्टि के अनुसार उक्त कमियों को दूर करने के बाद इन पर्यवेक्षी प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी।

### हेलोनिक्स ने पेश किए नए एलईडी उत्पाद

**नयी दिल्ली।** हेलोनिक्स टेक्नोलॉजीज ने हरिद्वार स्थित संयंत्र में विनिर्मित एक नये एलईडी उत्पाद, वॉल डी-लाइट पेश करने की बुधवार को घोषणा की, जो मोटाई में सामान्य एलईडी बल्ब के छठे हिस्से के बाराबर हैं। कंपनी ने कहा कि चौकोर और गोल, दो आकार में प्रस्तुत किए जा रहे इस नए वाल लाइटिंग उत्पाद को प्रयोग में लाने के लिए किसी अतिरिक्त फिक्स्चर की आवश्यकता नहीं पड़ती है। कंपनी ने कहा है कि उसका यह उत्पाद हेलोनिक्स के स्वामित्व वाली यूनिफिट टेक्नोलॉजी पर आधारित है। कंपनी के मुताबिक 12ब्ल्यू एलईडी दो आकार- राउंड और स्क्वायर (गोल और चौकोर) हैं और इन्हें दो वर्ष की वारंटी के साथ प्रतिस्पर्धी कीमत पर पेश किया जा रहा है। हेलोनिक्स टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक राकेश जुत्शी ने कहा, हम अग्रणी नवाचार और आधुनिक घरेलू तथा संस्थागत आवश्यकताओं के लिए अत्याधुनिक लाइटिंग समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बजाज फाइनेंस के ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण देने पर रोक

मुंबई । भारतीय रिज़र्व बैंक ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड के दो ऋण उत्पादों ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के तहत ऋण मंजूर करने और ऋण वितरण करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। केन्द्रीय बैंक ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45एल(1)(बी) के तहत यह कार्रवाई की गयी है। कंपनी द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के डिजिटल ऋण दिशानिर्देशों के मौजूदा प्रावधानों का पालन न करने, विशेष रूप से इन दो ऋण उत्पादों के तहत उधारकर्ताओं को मुख्य तथ्य विवरण जारी न करने और मुख्य तथ्य विवरण में कमियों के कारण यह कार्रवाई की गयी है। रिजर्व बैंक ने कहा कि कंपनी द्वारा उक्त कमियों को लेकर किये जाने वाले सुधार के संबंध में मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर प्रतिबंधों की समीक्षा की जाएगी।

### पूर्व रक्षा सचिव यूएसआईएसपीएफ बोर्ड में सलाहकार के रूप में शामिल हुए

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय रक्षा सचिव अजय कुमार अमेरिका-भारत रणनीतिक और साझेदारी मंच में बोर्ड के सलाहकार के तौर पर शामिल हुए हैं। भारत के रक्षा सचिव के रूप में, कुमार को अगस्त 2019 और अक्टूबर 2022 के बीच रक्षा की समग्र जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने कहा, डॉ. कुमार के पास तीन दशक से अधिक की विशेषज्ञता और रक्षा तथा महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकी के बीच महत्वपूर्ण गठजोड़ की समझ है। कुमार को रक्षा मंत्रालय में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सचिव होने का गौरव प्राप्त है, जहां उन्होंने रक्षा सचिव के रूप में कार्य किया और रक्षा उत्पादन विभाग में सचिव के रूप में भी कार्य किया। अघी ने कहा, ऐसे समय में जब अमेरिका और भारत आईसीईटी और इंडस-एक्स के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं।

### देश में बिकने वाला हर मोबाइल हैंडसेट भारत निर्मित

नई दिल्ली । नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि इस साल यानी 2023 में भारतीय बाजार में बिकने वाले लगभग 100 फीसदी मोबाइल मेड इन इंडिया थे। वहीं, पिछले साल यह आंकड़ा 98 फीसदी था। कांत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच मोबाइल निर्माण को लेकर सियासी वार-पलटवार हुआ है। भारत के जी-20 के शेरपा कांत मंगलवार को यहां जी-20 दिल्ली शिखर सम्मेलन- समावेशी विकास और वैश्विक दक्षिण का उदय विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि 2014 में भारत की लगभग 81 फीसदी मोबाइल हैंडसेट की मांग चीनी आयात से पूरी होती थी।

## भारत-प्रशांत आर्थिक मंच के आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता समझौते पर गोयल ने किए हस्ताक्षर

नयी दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एशिया प्रशांत आर्थिक संधि ( आईपीईएफ) के सदस्य देशों के बीच पहले आईपीईएफ-आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सान फ्रांसिस्को की यात्रा पर गए श्री गोयल ने मंगलवार को आईपीईएफ की तीसरी वैयक्तिक मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। इस बैठक के दौरान भारत सहित सदस्य देशों के व्यापार और उद्योग मंत्रियों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सुदृढ़, ठोस और इसे बेहतर रुप से समन्वित करने में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कोविड-19 संकट में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के समझ उत्पन्न संकट को ध्यान में रखते हुए दुनिया इसके विविधीकरण पर ध्यान दे रही है। उम्मीद है कि इस सहयोग से समग्र रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक विकास एवं प्रगति में सहायता भी मिलेगी।

हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने आईपीईएफ के सामूहिक लक्ष्यों को साकार करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ अर्थव्यवस्था की दिशा में बदलाव हेतु किफायती वित्तपोषण जुटाने और प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।




उन्होंने भारत द्वारा सुझाए गए जैव-ईंधन गठबंधन सहित आईपीईएफ के तहत परिकल्पित सहकारी कार्यों के शीघ्र कार्यान्वयन का भी आग्रह किया।

बैठक में आईपीईएफ के सदस्यों देशों के मंत्रियों ने स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष रुप से संचालित अर्थव्यवस्था के लिए सहयोग की दिशा में आईपीईएफ भागीदारों द्वारा की गई पर्याप्त प्रगति पर भी सार्थक चर्चा की।

गोयल ने इस अवसर पर अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो, मलेशिया के अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय मंत्री महामहिम तेंगकु जफरुल अजीज और इंडोनेशिया गणराज्य के आर्थिक मामलों के समन्वयकर्ता मंत्री डॉ. (एचसी) आईआर. एयरलंगा हार्टार्टो के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं।

विज्ञप्ति के अनुसार आसियान देशों के मंत्रियों के साथ बातचीत के दौरान श्री गोयल ने एआईटीआईजीए समीक्षा को शीघ्र पूरा करने का सुझाव दिये।

गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री के साथ नव प्रवर्तन के क्षेत्र में सहयोग विषय पर उद्यमियों के गोलमेज सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) एवं भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा इसकी सह-मेजबानी की गई थी और इसका समर्थन नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) एवं स्टार्टअप इंडिया, प्रमुख आईसीटी कंपनियों के सीईओ, उद्यम पूंजी फर्मों के अधिकारी तथा महत्वपूर्ण एवं उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप के संस्थापकों द्वारा किया गया था।

वाणिज्य मंत्री ने पश्चिमी संयुक्त राज्य अमेरिका के भारतीय उद्यमियों के साथ बातचीत की। यह बातचीत सन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आईआईटी के पूर्व छात्रों और टीआईई ग्लोबल के सहयोग से आयोजित की गई थी।

## डिजिटल लर्निंग के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में व्यापक सुधार कर रही योगी सरकार

**परिषदीय विद्यालयों, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में स्थापित किए जा रहे स्मार्ट क्लास सेटअप**

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दे रही है। परिषदीय विद्यालयों, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में डिजिटल लर्निंग के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में व्यापक स्तर पर सुधार किया जा रहा है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास सेटअप के साथ ही प्रत्येक विकासखंड (880) स्तर पर एक आईसीटी लैब की स्थापना की जा रही है। साथ ही सीएसआर, सामुदायिक सहभागिता एवं अन्य माध्यमों से स्मार्ट क्लास स्थापित कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टेबलेट्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, ख्याति प्राप्त संस्थानों के विशेषज्ञों के ऑनलाइन सेशन एवं स्ट्रीमिंग के माध्यम से शिक्षकों के साथ ही बच्चों का संवर्धन एवं ज्ञानवर्द्धन किए जाने की योजना है।

### दूरस्थ शिक्षा के प्रयोग को बढ़ावा

डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कक्षा शिक्षण के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की तैयारी है। कक्षा शिक्षण के लिए कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विषयों के पाठ्यक्रम के अनुसार कंटेंट्स का मूल्यांकन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के विषय विशेषज्ञों से कराकर शैक्षणिक कंटेंट्स तैयार किए जा रहे हैं। टेबलेट्स, आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग सॉफ्टवेयर जैसे यू-ट्यूब लाइव, जूम सेशन वेबिनार द्वारा दूरस्थ शिक्षा के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सकेगा। इन डिजिटल माध्यमों से शिक्षा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त एवं उत्कृष्ट संस्थाओं के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन सेशन एवं स्ट्रीमिंग के माध्यम से शिक्षकों के क्षमता संवर्द्धन के साथ ही बच्चों का ज्ञानवर्द्धन किया जा सकेगा। आईसीटी लैब के माध्यम से शिक्षकों, अनुदेशक (कम्प्यूटर शिक्षा) के पर्यवेक्षण में बच्चों को बेसिक कम्प्यूटर संचालन का अभ्यास कराया जाएगा। लर्निंग मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर, डिजिटल कंटेंट्स एवं वर्चुअल लैब के उपयोग से बच्चे सभी विषयों से संबंधित मूल अवधारणाओं को प्रैक्टिस के माध्यम से समझ सकेंगे।

### सभी बच्चों को अभ्यास के मिलेंगे समुचित अवसर

विकासखंड, विद्यालय स्तर पर स्थापित किए जा रहे आईसीटी लैब के प्रयोग हेतु बीआरसी प्रांगण का विद्यालय, निकटस्थ विद्यालय के कक्षा 6 से 8 के 14-14 बच्चों का रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जाएगा, जिससे कि प्रत्येक दिवस सभी बच्चों को अभ्यास के समुचित अवसर उपलब्ध हो सकें। दीक्षा एप के माध्यम से कक्षा 1-8 तक के 82 एनरजाइज टेक्स्ट बुक्स से संबंधित कंटेंट्स उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन करके शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा इस कंटेंट का प्रयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त एससीईआरटी. बेसिक शिक्षा विभाग एवं एनसीईआरटी द्वारा लगभग 7300 कंटेंट्स के वीडियोज भी दीक्षा एप पर उपलब्ध कराए गए हैं। दीक्षा एप पर उपलब्ध इन सभी कंटेंट्स एवं वीडियोज का स्मार्ट क्लास के माध्यम से नियमित प्रयोग करते हुए शिक्षकों द्वारा कक्षा शिक्षण कराया जाएगा।

### पॉकेट बुकलेट में मिलेंगे महत्वपूर्ण कोर्स

प्रदेश में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 6 से 8 तक समस्त शिक्षकों को पॉकेट बुकलेट एवं विद्यार्थियों को स्टूडेंट पॉकेट बुकलेट उपलब्ध कराई गई है। शिक्षक पॉकेट बुकलेट में दिए गए महत्वपूर्ण कोर्स को डिवाइस के एचडी कैम से क्युआर को स्कैन करके प्रशिक्षण कोर्स से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक स्टूडेंट पॉकेट बुकलेट में दिए गए गणित, विज्ञान हिन्दी एवं अंग्रेजी विषयों से संबंधित क्यूआर को स्कैन कर बच्चों को प्रतिदिन शिक्षित करेंगे। दीक्षा एप के माध्यम से शिक्षकों के लिए अतिरिक्त डिजिटल शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने के दृष्टिगत विभिन्न डेवलपमेण्ट पार्टनर्स जैसे खान एकेडमी, एमबाइब संस्था, टीचर्स एप रीड एलांग एप आदि के माध्यम से शैक्षणिक कंटेंट उपलब्ध कराए जा रहे है।

## महंगाई घटने से बाजार गुलजार



मुंबई । महंगाई घटने से दुनिया में ब्याज की ऊंची दरों में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

अमेरिका, ब्रिटेन और भारत में महंगाई में कमी आने के आंकड़ों ने ऊंची ब्याज दरों में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद बढ़ गई। भारत की खुदरा महंगाई अक्टूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत और थोक महंगाई शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रह गई।

इससे निवेश धारणा मजबूत हुई और बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 742.06 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की उड़ान भरकर 65675.93 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 231.90 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की छलांग लगाकर19675.45 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 33,117.87 अंक और स्मॉलकैप 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,252.56 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3884 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2268 लाभ में जबकि 1478 नुकसान में रहे वहीं 138 कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर रही। बीएसई के सभी 20 समूहों में जबरदस्त लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.99, सीडी 1.22, ऊर्जा 1.41, एफएमसीजी 0.71, वित्तीय सेवाएं 0.93, हेल्थकेयर 0.22, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी 2.29, दूरसंचार 0.81, यूटिलिटीज 0.30, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.79, कैपिटल गुड्स 1.07, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.76, धातु 1.33, तेल एवं गैस 1.55, पावर 0.46, रियल्टी 2.97, टेक 2.12 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.06 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.71, जर्मनी का डैक्स 0.30, जापान का निक्केई 2.52, हांगकांग का हैंगसेंग 3.92 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 528 अंक की तूफानी तेजी के साथ 65,461.54 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 65,373.50 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से यह बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,747.65 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

## मेघना मोदी के नेतृत्व में रेवलॉन इंडिया की नई ऊंचाइयों को छूने की योजना

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र की कंपनी रेवलॉन इंडिया ने मेघना मोदी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छूने की योजना बनाई है।

उमेश मोदी ग्रुप के अध्यक्ष उमेश कुमार मोदी की बड़ी पुत्री मेघना मोदी लंदन बिजनेस स्कूल और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की स्नातक हैं। हार्वर्ड जाने से पहले, वह रेवलॉन में काम कर चुकी थी, और फिर हार्वर्ड में अपने एमबीए को पूरा करने के बाद वह बॉस्टन के एक शीर्ष प्रबंधन परामर्श कंसल्टिंग फर्म - बेन कंसल्टिंग में चार साल तक सलाहकार के रूप में काम कर चुकी हैं। अब रेवलॉन इंडिया को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से भारत लौट आयी हैं।

सुश्री मोदी ने प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में कंपनी के स्टॉल पर अपनी कारोबारी योजना का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि ब्रांड मिशन के तहत नवाचार, समावेशन प्लस इंटेंशन से प्रेरित होकर कंपनी कलर कॉस्मेटिक रेंज (मेकअप और स्किन केयर) और पर्सनल केयर रेंज (हेयर कलर, हेयरकेयर और बॉडीस्प्रेज) पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी ने पूरी क्षमता का उपयोग कर वितरण को सभी चैनलों - एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट, डिपार्टमेंट स्टोर, सामान्य व्यापार, और ई-कॉमर्स में विस्तारित करने की योजना बनाई है।

उन्होंने कहा कि रेवलॉन इंडिया के 2024 में 300 करोड़ रूपये से अधिक के कारोबार करने की रणनीति बनायी गयी है।

उन्होंने कहा रेवलॉन के नए कूल उत्पाद जैसे सुपर लस्ट्रस , कलर स्टे , रेवलॉन फीटोरेडी , टॉप स्पीड, कलर स्लिक , फ्लेक्स , चार्ली हाल ही में लॉन्च किए गए हैं।

## वाणिज्यक निर्यात में सुधार के संकेत, अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत से विदेशी बाजारों में वाणिज्यिक माल बेचने के कारोबार में सुधार के प्रारंभिक संकेत दिखाते हुए देश का वाणिज्यक निर्यात अक्टूबर 2023 में पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर 2022 में यह 31.60 अरब डॉलर था।

इस बार अक्टूबर में आयात भी पिछले वर्ष के इसी माह के 57.91 अरब डॉलर के मुकाबले 65.03 अरब डॉलर रहा, जो 12.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

अक्टूबर 2023 में वाणिज्यक वस्तुओं के आयात निर्यात में व्यापार घाटा (निर्यात की तुलना में आयात की अधिकता) 31.46 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य सचिव सुनील बरथवाल ने अक्टूबर के निर्यात के आंकड़ों पर टिप्पणी की कि 'यह निर्यात कारोबार में सुधार के अंकुर दिख रहे हैं।' वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस बार अक्टूबर महीने में 30 प्रमुख क्षेत्रों में से




22 के माल का निर्यात सालाना आधार पर सुधरा है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, अप्रैल-अक्टूबर 2023 की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 244.89 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान यह 263.33 अरब डॉलर था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अक्टूबर 2023 की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का आयात 391.96 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान यह 430.47 अरब डॉलर था।

अप्रैल-अक्टूबर 2023 में व्यापार घाटा एक साल पहले की तुलना में सीमित हो कर 147.07 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 167.14 अरब डॉलर था।

विज्ञप्ति में कहा, अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात 178.42 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 में यह 182.24 अरब डॉलर था।

अप्रैल-अक्टूबर 2023 में गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण (सोना, चांदी और कीमती धातु) आयात 246.50 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अक्टूबर 2022 में यह 260.01 अरब डॉलर था।

अक्टूबर 2023 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाएँ संयुक्त) 62.26 अरब होने का अनुमान है, जो अक्टूबर 2022 की तुलना में 9.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अक्टूबर 2023 में कुल आयात 79.35 अरब डालर होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल 11.10 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में कुल निर्यात (माल और सेवाओं सहित) 437.54 अरब डलार रहने का अनुमान है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 444.70 अरब डालर था।

इस दौरान कुल व्यापार घाटा एक साल पहले के 89.86 अरब डालर की तुलना में घट कर 57.64 अरब डालर रहा।

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी इंडिया) के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने अक्टूबर निर्यात के आंकड़ों पर कहा कि इंजीनियरिंग सामान का निर्यात अक्टूबर में 8.09 अरब डॉलर रहा जो अक्टूबर 2022 के 7.55 अरब डॉलर से सात प्रतिशत अधिक सालाना वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह लगातार तीसरा महीना है जब इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। इसका श्रेय मुख्य रूप से अनुकूल तुलनात्मक आधार को दिया जा सकता है।

## 2027 तक जापान और जर्मनी को पछाड़ भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था को सही रास्ते पर है और उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर बताते हुये आज कहा कि भारत के 2027 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

सीतारमण ने यहां इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चालू वर्ष के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि इंडो-पैसिफिक को प्रभावित करने वाले भू राजनीतिक संघर्षों के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान और आर्थिक उठापटक के बीच यूक्रेन में हो रही गतिविधियां या इज़राइल या यमन में और चीन सागर में तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था एक उज्वल केन्द्र बिन्दु के रूप में चमक रहा है।

उन्होंने कहा कि आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के लिए तैयार है, क्योंकि इसकी जीडीपी 5 अरब डॉलर के स्तर को पार कर जाएगी। भारत 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है।

सीतारमण ने भारत की %ब्लू अर्थव्यवस्था% के बारे में बात करते हुए कहा कि यह सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत में 9 राज्य और 4 केंद्र शासित



प्रदेश हैं, जो समुद्र तट पर स्थित हैं, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाह हैं और अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू व्यापार के लिए जलमार्गों का एक विशाल नेटवर्क है। यह देखते हुए कि इंडो-पैसिफिक निस्संदेह दुनिया का सबसे आर्थिक रूप से गतिशील क्षेत्र है क्योंकि इसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

उन्होंने कहा कि हालांकि इंडो-पैसिफिक भी एक भू-राजनीतिक रूप से विवादित क्षेत्र है जिससे पता चलता है कि इस क्षेत्र में शक्ति को लेकर कितना अधिक प्रतिस्पर्धा है।

सीतारमण ने कहा कि जैसे-जैसे भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को तेज कर रहा है और अपनी विशाल अबादी का उत्थान कर रहा है, उन्हें गरीबी से समृद्धि की ओर ले जा रहा है, वह अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के साथ-साथ अपने अंतरराष्ट्रीय कद को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा आज, भारतीय चाहे घर में हों या विदेश में, सिर ऊंचा करके खड़े होते हैं, चलते हैं, बात करते हैं और कार्य करते हैं। हमारा ध्यान ग्रेआर्थिक मॉडल से ब्लू आर्थिक मॉडल में परिवर्तन करने और उसके बाद इंडो-पैसिफिक की लंबाई और चौड़ाई में इस ब्लू संक्रमण को फैलाने पर है। इसी कारण से हम अधिक से अधिक और क्षेत्रीय जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने व्यापार के लिए अनुकूल माहौल वाले एक सुशासित और नवोन्वेषी देश के रूप में अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है, जैसा कि कई वैश्विक सूचकांकों में प्रदर्शित होता है। यह देखते हुए कि देश की व्यापक राष्ट्रीय शक्ति समुद्र से अटूट रूप से जुड़ी रहेगी, उन्होंने कहा कि भारत समग्र रूप से समुद्री क्षेत्र को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता से अवगत है और सरकार राजकोषीय नीति के माध्यम से अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्त मंत्री ने कहा हम भारत को इंडो-पैसिफिक और वास्तव में दुनिया भर में नई और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं और मूल्य श्रृंखलाओं में एक केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहते हैं।

## ओडिशा में विश्वविद्यालय, नगर का सपना साकार हो सकता है : अग्रवाल

नयी दिल्ली। वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवार ने बुधवार को उम्मीद जतायी है कि सरकार की नीतियों में सुधार को देखते हुए वह ओडिशा में एक नया अत्याधुनिक उच्च शिक्षा केंद्र और नगर विकसित करने का सपना साकार कर लेंगे।

अग्रवाल ने एक बयान में कहा, 'मैंने अपने स्वयं के संसाधनों से विश्वविद्यालय के लिए एक अरब डॉलर की रकम लगायी है और अन्य स्रोतों से दो अरब डॉलर और जुटाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने अनुभव से आधार पर पाया कि शिक्षा व्यवस्था के अंतर के कारण ही अमेरिका इतने आगे है। इसी लिए 'पवित्र जगन्नाथ मंदिर के गृह पुरी और ऐतिहासिक सूर्य मंदिर के स्थल कोणार्क के बीच यात्रा करते समय, मैंने हार्वर्ड और बोस्टन शहर की तरह वाटरफ्रंट पर इस संस्थान को बनाने का एक सपना देखा।'

उन्हें शिकायत है कि कुछ तत्व भारत को शिक्षा के केंद्र के रूप में फिर से आगे होते नहीं देखना चाहते और कुछ एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) मामले को उच्चतम न्यायल तक ले गए और इस कारण यह परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी।

खनिज क्षेत्र के दिग्गज उद्यमी ने कहा, 'सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों के साथ, विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाकर डिजिटल विश्वविद्यालय बनने का अवसर मिला है। इससे कई और छात्रों को फायदा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि उनका विचार ऐसा विश्वविद्यालय बनाना है जो एक लाख छात्रों का घर हो और उसके साथ एक ऐसा शहर बनाना, जो पांच लाख लोगों का घर हो। विश्वविद्यालय में सभी पाठ्यक्रम उपलब्ध हों और उसमें आधुनिक कला, चिकित्सा और उद्यमिता पर विशेष ध्यान हो।

अग्रवाल ने कहा, ' मुझे उम्मीद है कि मैं अपने जीवनकाल में इस विश्वविद्यालय के परिसर में बैठूंगा और पूरे भारत के बेहतरीन दिमागों और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं से बातचीत करूंगा।

## शार्ट न्यूज

### दो दिनों में ईंधन नहीं मिलने पर गाजा के अस्पताल काम करना बंद कर देंगे : अल-कैला

गाजा। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने मंगलवार को कहा कि अगर दो दिनों के भीतर ईंधन नहीं पहुंचाया गया तो गाजा पट्टी में अभी भी सेवाएं प्रदान कर रहे शेष अस्पताल काम करना बंद कर सकते हैं। अल अरबिया प्रसारक की रिपोर्ट के मुताबिक अल-कैला ने अगर 48 घंटों के भीतर ईंधन वितरित नहीं किया गया, तो गाजा पट्टी के सभी अस्पताल अपना काम बंद कर देंगे। अभी तक 25 अस्पतालों ने ईंधन की कमी या गोलाबारी के कारण सेवाएं बंद हैं और केवल 10 कार्यरत अस्पताल बचे हैं, जहां सेवाएं जारी है। अल-कैला ने कहा कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा अल शिफा अस्पताल पूरी तरह से इजरायली सैनिकों से घिरा हुआ है। अल शिफा कॉम्प्लेक्स को खाली करने का निर्णय अस्पताल प्रशासन द्वारा किया गया है। यह एक कठिन मुद्दा है, क्योंकि कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में घायल भर्ती हैं और उनमें से कई वेंटिलेंटर पर हैं तथा अगर यह सपोर्ट बंद हो जाता है तो उन्हें नहीं बचाया जा सकता।

### गढ़वाल की महिलाओं ने जीती महिला प्रीमियर लीग

नयी दिल्ली। दो दिन में दो बड़े खिताब जीत कर गढ़वाल ने दिल्ली की फुटबाल में अपना दबदबा बनाए रखा है। शहीद भगत सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट में गढ़वाल हीरोज एफसी ने पुरुष वर्ग में श्रेष्ठता दर्ज की तो दूसरी महिला प्रीमियर लीग में पहले ही श्रेष्ठता दर्ज कर चुकी गढ़वाल की चैंपियन लड़कियों को पीएसपीबी के अध्यक्ष और इंडियन ऑयल के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने पुरस्कार वितरित किए। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए अंतिम मुकाबलों में रॉयल रेंजर्स ने सिटी को 5-0 से परास्त किया। रेंजर्स क्लब की अंजू को 17 गोल करने पर गोल्डन बूट, और गढ़वाल की रिबांसी जामु को गोल्डन ग्लोब्स और रॉयल रेंजर्स की अनुष्का सैमुअल को प्लेयर ऑफ द लीग नवाजा गया। लीग में 13टीमों ने हिस्सा लिया। गढ़वाल 11 जीत और एक ड्रॉ से चैंपियन बनी।

### मोदी ने विराट को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आईसीसी विश्व के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में शतकों का अर्धशतक बनाने वाले विराट कोहली को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज विराट कोहली ने न केवल अपना 50वां वनडे शतक बनाया है, बल्कि उत्कृष्टता और दृढ़ता की भावना का भी उदाहरण दिया है जो सर्वोत्तम खेल कौशल को परिभाषित करता है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके स्थायी समर्पण और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मानदंड स्थापित करते रहें। विराट के इस ऐतिहासिक शतकीय पारी को स्टेडियम में बीसीसीआई सचिव जय शाह, सचिन तेंदुलकर और डेविड बेकहम और अभिनेता रजनीकांत सहित कई दिग्गजों ने देखा।

### सुब्रत रॉय के निधन पर व्यक्त किया शोक

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय के निधन पर बुधवार को शोक व्यक्त किया। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने आज यहां बताया कि सहारा समूह 1995 से 2017 तक हॉकी की सर्वोच्च संस्था का प्रमुख भागीदार था और उसने अपने अटूट समर्थन के जरिए खेल के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज यहां हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने सुब्रत राय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, हॉकी इंडिया में हम श्री सुब्रत रॉय के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुखी हैं। वह एक सच्चे खेल प्रेमी थे और खेलों को बढ़ावा देने के लिए सहारा इंडिया परिवार के साथ उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। हॉकी में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, सुब्रत रॉय हॉकी के प्रति बहुत संवेदनशील थे। सहारा इंडिया परिवार के माध्यम से उनके समर्थन ने भारत में हॉकी के पुनरुद्धार में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और हॉकी बिरादरी के बीच उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।


### वेंगर करेंगे एआईएफएफ-फीफा अकादमी का 21 नवंबर को उद्घाटन

नयी दिल्ली। अनुभवी फुटबॉल कोच आर्सेन वेंगर वैश्विक फुटबॉल संस्था (फीफा) की प्रतिभा विकास योजना के तहत शुरू की जाने वाली एआईएफएफ( अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ)-फीफा अकादमी का 21 नवंबर को भुवनेश्वर में उद्घाटन करेंगे। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि फीफा टीडीएस कार्यक्रम का उद्देश्य दुनिया भर में विभिन्न सदस्य संघों के साथ सहयोग करके उनकी राष्ट्रीय टीमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढावा देना है। फीफा ने अपना टैलेंट कोचिंग प्रोग्राम भी शुरू किया है, जिसके साथ वह सदस्य संघों को सक्रिय ऑन-ग्राउंड समर्थन प्रदान करता है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, श्रीमान आर्सेन वेंगर 19 से 23 नवंबर तक भारत में रहेंगे। इस अवधि के दौरान वह और उनकी टीम आईएसएल, आई-लीग क्लबों और उन सभी लोगों से मुलाकात करेंगे जो भारतीय फुटबॉल में युवा विकास से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा प्रयास इस अकादमी को सुचारू बनाने का होगा। हमें विश्वास है कि वेंगर का अपार अनुभव और चीजों की गहरी समझ इस अकादमी को विश्व स्तरीय सुविधा में बदलने में बहुत मददगार होगी।'

### 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक टिकट नि: शुल्क उपलब्ध : आईओसी

सियोल। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) के लिए गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह को छोड़कर सभी स्पधाओं के लिए टिकट नि:शुल्क मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार 19 जनवरी से एक फरवरी 2024 तक चलने वाले शीतकालीन युवा ओलंपिक के लिए टिकट बीते शनिवार से आधिकारिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सामान्य बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। समिति ने बताया कि उद्घाटन समारोह 19 जनवरी को गैंगनेउंग ओवल और प्योंगचांग डोम में एक साथ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह के टिकटों की कीमत 30 हजार से एक लाख वॉन (22 से 74 अमेरिकी डॉलर) है जबकि प्योंगचांग डोम में प्रवेश नि:शुल्क होगा। हालांकि समारोह के दिन जाने वाले लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या बॉक्स के जरिए टिकट का अनुरोध करना होगा। प्योंगचांग ने 2018 में ओलंपिक शीतकालीन खेलों में आयोजनों की मेजबानी की थी और गैंगनेउंग, प्योंगचांग, जियोंगसियन और होएंगसेओंग पर होने खेल आयोजनों के टिकट मुफ्त उपलब्ध होंगे। गैंगवॉन 2024 में करीब 80 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के लगभग 1,900 एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है।

### विश्व पुरुष एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार की अंतिम सूची में नीरज चोपड़ा शामिल



नई दिल्ली। भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा उन पांच एथलीटों में शामिल हो गए हैं जिन्हें विश्व पुरुष एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। विश्व एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि चार देशों के पांच एथलीटों ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। अंतिम पांच एथलीटों की सूची में नीरज के अलावा अमेरिका के रियान क्राउसर (गोला फेंक), स्वीडन के मोंडो (पॉल वाल्ट), केन्या के केल्विन किसुम (मैराथन) और अमेरिका के ही नोह नाइल्स (100 और 200 मीटर) शामिल हैं। पुरस्कार की घोषणा 11 दिसंबर को होगी।

# शमी के सत्ते से भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रनों हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी**

मुम्बई। विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की धुआंधार शतकीय पारी के बाद शमी के सात विकेटों की बदौलत भारत ने बुधवार को आईसीसी विश्वकप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 70 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

भारत का 19 नवंबर को फाइनल में कल होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से मुकाबला होगा।

398 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। शमी ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए न्यूजीलैंड की डेवेन कॉन्वे और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी टीम के 39 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने क्रमश 13-13 बनाये। इसके बाद कप्तान केन विलियमसन 69 रन और डैरिल मिचेल 134 ने न्यूजीलैंड की उम्मीदों को जिंदा रखा। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर शमी ने विलियमसन को सूर्यकुमार के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ते हुए न्यूजीलैंड की उम्मीदों को तीसरा झटका दिया। उसी ओवर में टॉम लेथम शून्य को शमी पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद 43ओवर में ग्लेन फिलिप्स 41 रन को बुमराह ने जडेजा के हाथों कैच आउट करा दिया। 46ओवर में शमी ने डैरिल मिचेल 134 रन को जडेजा के हाथों कैच कराकर न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मार्क चैपमैन दो रन, मिचेल सैंटनर नौ रन, टिम साउदी नौ



रन बनाकर आउट हुय। शमी ने अपने सातवें विकेट के रूप में लॉकी फ़र्ग्युसन छह रन को के एल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को 327 रनों पर समेट दिया। ट्रेंट बोल्ट दो रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत की ओर शमी ने सात विकेट लिये। वहीं जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 71 रनों की साझेदारी करते हुए भारत को मजबूत शुरुआत दी। भारत का पहला विकेट आठवें ओवर में रोहित शर्मा 29 गेंदों में 47 रन के रूप में गिरा। उन्हें साउदी की गेंद पर ϐ विलियमसन ने कैच आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने शुभमन गिल के साथ पारी को संभाला। विराट कोहली आज धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 113 गेंदों में 117 रनों की रिकार्ड पारी खेली।

विराट इस मुकाबले में शतक बनाने के साथ ही शतकों का अर्धशतक बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये। उन्हें साउदी ने कॉन्वे के हाथें कैच आउट कराकर पवेलियन भेजा।

अंतिम ओवरों में शॉट लगाने के प्रयास में श्रेयस अय्यर 70 गेंदों में 105 रन बनाकर बोल्ट का शिकार बने। सूर्यकुमार यादव एक रन बनाकर साउदी की गेंद पर फिलिप्स को कैच थमा बैठे।

इसके बाद खेल के बीच में 79 रनों पर रिटायड हार्ट हुए शुभमन गिल खेलने आये। वह 80 रन बनाकर और के एल राहुल 20 गेंदों में 39 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 50 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 397 रन बनाये।

न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने तीन विकेट लिये। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## विराट ने बनाया एकदिवसीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक

**एजेंसी**

मुम्बई। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली विश्वकप के पहले सेमीफाइनल मुकाबले धुआंधार पारी खेलते हुए बुधवार को शतकों का अर्धशतक बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये है। इस विश्व कप में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है।

विराट कोहली ने इतिहास रचते हुए एकदिवसी क्रिकेट में अपना 50वां शतक लगाया। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विराट ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। विराट के इस रिकार्ड के साथ सचिन खुद इस मैच को देखने के लिए वानखेड़े में मौजूद रहे।



सचिन ने 452 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए थे। वहीं, कोहली ने 279वीं पारी में 50 शतक लगा दिए हैं।

इसी के साथ विराट कोहली ने किसी एक विश्व कप में सबसे ज्यादा 50 से अधिक के स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया है। इस विश्व कप में विराट का यह आठवां 50 से अधिक स्कोर है। इससे पहले सचिन ने 2003 विश्व कप में और शाकिब अल हसन ने 2019 में सात-सात बार 50 अधिक का स्कोर बना चुके है।

### सिनर ने एटीपी फाइनल्स में जोकोविच को हराया

ट्यूरिन। इटली के जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में सिनर ने जोकोविच की 19 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए उसे तीन सेटों में 7-5, 6-7 (5), 7-6 (2) से हराया। सिनर 121 दिनों में जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने तीन घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले जोकोविच के जीत की लय को तोड़ा। यह मौजूदा नंबर वन पर उनके करियर की दूसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मियामी के सेमीफाइनल में नंबर वन रैंक वाले अलकराज को हराया था। सिनर ने घरेलू दर्शकों के सामने जोकोविच पर अपनी जीत के बारे में कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

## टॉस के समय अंतिम एकादश की घोषणा करूंगा : कमिंस

कोलकाता। ईडन गार्डन में कल होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि हम मैच वाले दिन टॉस के समय अपनी एकादश की घोषण करेंगे।

पांच बार के विश्वकप चैंपियन ने इस साल के टूर्नामेंट में लगातार सात मैच जीते हैं।

कमिंस ने आज यहां एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या फिर अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाने के सवाल पर कहा कि हम अपनी एकादश की घोषणा टॉस के समय करेंगे। ऐसा माना जा रहा है ऑस्ट्रेलिया मार्नस लाबुशेन और मार्कस स्टोइनिस दोनों को एकदश में शामिल कर सकता है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका से निपटने वाली एकादश के बारे में अपना मन बना लिया है, उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि अपनी अंतिम टीम में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या एक अतिरिक्त बल्लेबाज को शामिल किया जाए या नहीं।

मैक्सवेल की चोट पर कमिंस ने कहा, ग्लेन मैक्सवेल बिल्कुल ठीक हैं। उन्हें कल थोड़ा दर्द महसूस हुआ था, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि वह पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही मैदान पर उतरें, इसलिए उनका स्कैन कराया गया जिसमें वह पूरी तरह से फिट नजर आए हैं। वह पूरी तरह ठीक हैं।



कल दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ग्लेन मैक्सवेल का फिट होना बड़ी चुनौती है। मैक्सवेल अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गये थे। अगर मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते है तो मार्कस स्टोइनिस को बाहर बैठना पड़ेगा। उन्होंने कहा, पहले दो मैचों में दो कठिन टीमों का मुकाबला करना था। और गेंदबाजी के मामले में, मुझे लगता है कि हम सभी चरणों में बेहतर से बेहतर होते गए हैं।

# हमास सीजफायर के लिए तैयार

**रिपोर्ट में दावा- 50 बंधक भी रिहा करेगा, इजराइल के सामने 3 दिन हमले बंद करने की शर्त**

तेल अवीव/वॉशिंगटन। न्यूज एजेंसी 'रॉयटर्स' ने कतर के अफसरों के हवाले से दावा किया है कि हमास सीजफायर के लिए राजी है। इसके लिए वो 50 बंधक भी रिहा करने के लिए तैयार हो गया है, लेकिन बदले में चाहता है कि इजराइली सेना 3 दिन हमले न करे।

इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हमास ने ये भी कहा है कि वो इजराइल को भी कुछ फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों को रिहा करना होगा। इजराइल की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया है।

### गाजा में पहली बार फ्यूल टैंकर पहुंचा

7 अक्टूबर को शुरू हुई इजराइल हमास जंग के बीच पहली बार एक फ्यूल टैंकर गाजा पहुंचा। इजिप्ट की न्यूज एजेंसी अल काहेरा के मुताबिक- यह टैंकर इजराइल की मंजूरी के बाद भेजा गया है। दूसरी तरफ- ह ने इस



नाकाफी बताते हुए कहा- इससे कोई फायदा नहीं होगा। सिर्फ आधा टैंकर फ्यूल भेजा गया है।

इस बीच, इजराइल की सेना बुधवार तड़के गाजा के सबसे बड़े अल-शिफा हॉस्पिटल के अंदर घुस गई। अस्पताल के अंदर कुछ जगहों पर सैनिकों और हमास के लड़ाकों के बीच जंग जारी है। इजराइल ने हमास से सरेंडर करने को कहा है। इजराइल ने दावा किया था कि इसी अस्पताल के नीचे हमास का हेडक्वार्टर है। ह के मुताबिक, अस्पताल के अंदर मरीजों और स्टाफ को मिलाकर करीब 2300 लोग मौजूद हैं।

उधर इजराइल के रक्षा मंत्री ने मंगलवार को कहा कि सेना का उत्तरी गाजा पट्टी पर पूरी तरह से कंट्रोल हो चुका है। हालांकि हमास के लड़ाके जमीन के अंदर बनी सुरंग में छुपे हैं। हमने उन सुरंगों की पहचान कर ली है। इजराइल ने गाजा सिटी सेंटर और संसद पर भी कब्जा कर लिया है।

### ट्रूडो के बयान पर भड़के नेतन्याहू, कहा- हमास को जिम्मेदार ठहराएं

दूसरी तरफ, कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा कि गाजा में महिलाओं और बच्चों की हत्या हो रही है। पूरी दुनिया ये देख रही है।

हम डॉक्टरों, मरने वालों के परिजनों और जो फिलिस्तीनी बच पाए हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं। मैं इजराइल की सरकार से इसे रोकने की अपील करता हूं।

ट्रूडो के इस बयान से पीएम नेतन्याहू नाराज हैं। उन्होंने कहा- हमास ने आम लोगों का सिर काटकर, उन्हें जलाकर नरसंहार किया है, लेकिन हम ऐसा कुछ नहीं कर रहे। इजराइल की पूरी कोशिश है कि इस जंग से आम नागरिकों को दूर रखा जाए। हम फिलिस्तीनियों को सुरक्षित निकलने के लिए कॉरिडोर बना रहे हैं।

ट्रूडो ने कहा- हमास लोगों को बंदूक की नोक पर रोकने की कोशिश कर रहा है। वॉर क्राइम के लिए हमास को जवाबदेह ठहराना चाहिए। फिलिस्तीनियों को इस जंग में इजराइल का साथ देना चाहिए।

### हैजे से दो महीने में 150 लोगों की मौत

मापुटो। मोजाम्बिक में पिछले दो महीनों में हैजे से कम से कम 150 लोगों की मौत हुयी है और इनमें ज्यादातर मौते मध्य और उत्तरी क्षेत्रों में हुयी है। मोजाम्बिक अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंत्रिपरिषद के प्रवक्ता फिलिमाओ सुएज़े ने मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को बताया कि हैजा के नवीनतम प्रकोप के कारण मध्य प्रांत ज़म्बेज़िया के गिले जिले में सबसे अधिक मौतें हुई। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर से 13 नवंबर तक देशभर में कुल 36,930 मामले सामने आए।उन्होंने कहा, हैजा से कुल 150 मौतें हुई हैं और मृत्यु दर 0.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि मोजाम्बिक में पिछले 24 घंटों में हैजा के 70 नये मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 62 को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि पिछले सात दिनों में 505 नए मामले सामने आए हैं, लेकिन मरीज की मृत्यु की सूचना नहीं मिली है।

### मिस्र से पहला ईंधन ट्रक गाजा भेजा गया

काहिरा। मिस्र से लगभग 25,000 लीटर ईंधन से लदा पहला ट्रक बुधवार को गाजा पट्टी के रास्ते में रफाह क्रॉसिंग को पार कर गया। मिस्र के एक सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि सहायता वितरण की सुविधा के लिए ईंधन को संयुक्त राष्ट्र में पहुंचाया जाएगा और इजरायली पक्ष द्वारा निरीक्षण किए बिना सीधे गाजा में प्रवेश किया जाएगा। इजिप्शियन रेड क्रिसेंट के अनुसार सात अक्टूबर को हमास और इज़राइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से 10 नवंबर तक मिस्र ने गाजा को 6,944 टन भोजन, चिकित्सा और मानवीय सहायता पहुंचायी है। इज़रायली आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में अचानक किए गए हमले के जवाब में इज़रायल ने गाजा पर एक बड़ा हमला किया, जिसमें इज़रायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया।

### मूसलाधार बारिश, बाढ़ ने मध्य वियतनाम में तबाही मचाई, 3 लोग लापता

हनोई। वियतनाम के मध्य क्षेत्र में इस सप्ताह की शुरुआत से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण तीन लोग लापता हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा निवारण और नियंत्रण पर देश की राष्ट्रीय संचालन समिति की बुधवार को नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। वियतनाम समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य बलों, पुलिस और स्थानीय बाढ़ और तूफान रोकथाम टीमों सहित लगभग 40 लोगों को एक लापता जोड़े की तलाश के लिए लगाया गया है। इनके बारे अनुमान है कि वे क्वांग त्रि प्रांत के हुआंग होआ जिले में बाढ़ के पानी में बह गए हैं। वे बकरियों की तलाश में गए थे लेकिन न्गुओन राव तेज बारिश के कारण घर नहीं लौट पाये। विन्ह लिन्ह जिले का एक अन्य व्यक्ति ला नगा सिंचाई झील में मछली पकड़ने के दौरान लापता हो गया। क्षेत्र में उनके निजी सामान की खोज की गई।

### दक्षिण कोरिया में चार वाहन निर्माता ग्यारह हजार वाहन वापस बुलाएंगे

सियोल। दक्षिण कोरिया में चार घरेलू और विदेशी वाहन निर्माता विनिर्माण दोषों के कारण स्वेच्छा से लगभग 11,000 वाहनों को वापस बुलाएंगे। परिवहन मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। भूमि, बुनियादी ढांचा और परिवहन मंत्रालय के अनुसार मर्सिडीज-बेंज कोरिया दोषपूर्ण ईंधन पंप घटक के लिए ई 250 सेडान सहित 14 मॉडलों की 9,528 इकाइयों को वापस बुलाएगा, साथ ही स्टार्टर और जनरेटर में खराब वायरिंग कनेक्शन के लिए मर्सिडीज-एएमजी एसएल 63 4मैटिक प्लस की 329 इकाइयों को वापस लेगा। मंत्रालय के अनुसार स्थानीय इलेक्ट्रिक वैन निर्माता, जीस मोबिलिटी, वाहन के निचले हिस्से के सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करने के कारण ईटी वैन की 910 इकाइयों को वापस बुलाएगी। उन्होंने बताया कि वोक्सवैगन समूह कोरिया दोषपूर्ण बैटरी को ठीक करने के लिए ऑडी ई-ट्रॉन जीटी सहित दो मॉडलों की 73 इकाइयों को वापस बुलाएगा।

## भारत के 75 सैनिकों को निकालेंगे मालदीव के राष्ट्रपति

**कहा- चीन उनकी जगह नहीं लेगा; मालदीव इस प्रतिस्पर्धा के लिए बहुत छोटा देश**

मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पद संभालते ही देश से भारतीय सैनिकों को निकालने के लिए तैयार हैं। हालांकि, मुइज्जू ने कहा कि वो बदले में चीनी सेना को तैनात नहीं होने देंगे। 17 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में मुइज्जू ने कहा- मालदीव जियोपॉलिटिकल प्रतिस्पर्धा में घुसने के लिहाज से बहुत छोटा देश है।

मुइज्जू ने आगे कहा- मैं मालदीव की विदेश नीति को इसमें नहीं फंसाना चाहता।

सितंबर में चुनाव से पहले मुइज्जू ने मालदीव पर भारत के प्रभाव के खिलाफ ही अपनी नीतियों का प्रचार किया था। बुधवार को उन्होंने कहा- हम चीन को मालदीव में भारत की जगह नहीं लेने देंगे। भारत सरकार के



साथ हम 75 सैनिकों को निकालने के लिए चर्चाएं कर रहे हैं।

मुइज्जू ने कहा- मालदीव की जनता ने मुझे इसलिए नहीं जिताया कि मैं दूसरे देशों की सेनाओं को यहां तैनात होने दूं। इसी वजह से मैं भारत के संपर्क में हूं। हमें उम्मीद है कि ये मुद्दा शांति और लोकतांत्रिक तरह से सुलझ जाएगा।

हम भारतीय सैनिकों को इसलिए नहीं हटा रहे कि उनकी जगह कोई और देश ले ले। हमारे लिए मालदीव का हित सबसे आगे है। हम सभी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते रखना चाहते हैं।

इससे पहले ब्लूमबर्ग के मुताबिक, मुइज्जू ने कहा था कि मालदीव पूरी तरह से आजाद होना चाहता है। उन्होंने कहा था कि हम भारत के साथ ऐसे संबंध रखना चाहते हैं, जिनमें दोनों का फायदा हो।

### मालदीव में क्या कर रहे हैं भारतीय सैनिक

भारत ने मालदीव को 2010 और 2013 में दो हेलीकॉप्टर और 2020 में एक छोटा विमान तोहफे के तौर पर दिया था। इस पर मालदीव में काफी हंगामा हुआ। मुइज्जू के नेतृत्व में विपक्ष ने तत्कालीन राष्ट्रपति सोलिह पर इंडिया फर्स्ट नीति का अपनाने का आरोप लगाया था।

### एडो ने दास व्यापार पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया

अकरा। घाना के राष्ट्रपति नाना एडो डंकवा अकुफो-एडो ने मंगलवार को महाद्वीप पर ट्रांस-अटलांटिक दास व्यापार के प्रभावों पर अफ्रीका के लिए क्षतिपूर्ति का आह्वान किया। एडो ने राजधानी अकरा में अकरा क्षतिपूर्ति सम्मेलन के उद्घाटन पर यह अपील की और इन क्षतिपूर्तियों को लंबे समय से लंबित बताया। उन्होंने कहा, दास व्यापार के प्रभाव महाद्वीप और अफ्रीकी प्रवासियों के लिए विनाशकारी रहे हैं। गुलामी की पूरी अवधि का मतलब था कि आर्थिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से हमारी प्रगति अवरुद्ध हो गई थी। एडो ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में अपने संबोधन में क्षतिपूर्ति का मुद्दा उठाया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा भव्यता संग हुई आयोजित

## विकास को प्रदेश के दो जिले सोनभद्र व लखीमपुर खीरी प्रमुखता में

सोनभद्र । प्रधानमंत्री द्वारा योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने का विकसित भारत संकल्प यात्रा का रांची के खुंटी से किया गया शुभारंभ जिसका सजीव प्रसारण सोनभद्र के बेलछ रुदौली में विधिवत दर्शाया गया राबर्ट्सगंज ब्लाक में। 'विकास संकल्प यात्रा के दौरान लोग अपने अनुभव ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' साझा किये। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का शुभारंभ सोनभद्र जनपद के राबर्ट्सगंज ब्लॉक के रुदौली गांव में समाज कल्याण मंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इस दौरान भारत सरकार के विशेष सचिव अजय तिवारी, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री ने दीप प्रज्जवलन कर भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रांची के खुटी गांव से रवाना किये, जिसका सजीव प्रसारण बेलछ गांव के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से दिखाया गया, जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की। इस दौरान समाज कल्याण राज्यमंत्री ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए



कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने आज भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है, इस विकसित भारत यात्रा का यह उद्देश्य है कि सरकार की योजनाओं से शत-प्रतिशत व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय और समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन में खुशहाली लाया जाय और जनजातीय समाज का चंहुमुखी विकास हो। कहा कि प्रधानमंत्री ने आज किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 15वीं किश्त को जारी किया है, जिससे किसान बन्धु लाभान्वित होंगें। उन्होंने कहा कि इस विकास यात्रा की शुरूआत प्रदेश के दो जनपदों में आज की गयी है, जिसमें जनपद सोनभद्र और जनपद लखीमपुर खीरी सम्मिलित है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार लगातार जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसमें अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को साईकिल व स्कूल ड्रेस की सुविधा, अनुसूचित जनजाति बन्धन योजना समूहों के गठन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति व अन्य परम्परागत वन निवासियों को वनाधिकार का मान्यता देने का कार्य भी जनपद सोनभद्र में किया गया है, जिसमें काफी संख्या में लोगों को वनाधिकार प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदाय के बच्चों के शिक्षा के क्षेत्र में उत्थान के लिए ग्राम पिपरखाड़ के ब्लाक कोन में लगभग 10 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गयी है, जिसके लिए धनराशि का आवंटन हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निरंतर प्रयास रहा है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं को लोगों तक पूरी तरह पहुंचाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। योजनाओं की संतृप्ति का यह लक्ष्य पाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गयी है। इस विकास यात्रा के दौरान एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस विकास संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया जाएगा और यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, आधार नामांकन, मेरा भारत स्वयंसेवक नामांकन जैसी सेवाएं भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदान की जा रही है।

ड्रोन प्रदर्शन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड और प्राकृतिक खेती पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत जैसी कृषि गतिविधियाँ भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रमुख उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य बनाया है, इसलिए जागरूकता पैदा करने और विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गयी है। इस दौरान मंत्री, विशेष सचिव भारत सरकार अजय तिवारी, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, जिसमें-मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, टेरा फिल्टर, आयुष्मान कार्ड, एल0पी0जी0 गैस कनेक्शन, नि:शुल्क खाद्य सामग्री, घरौनी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एन0आर0एल0एम0 समुह की महिलाओं चेक, मनरेगा जॉबकार्ड का वितरण व समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित योजना के तहत साईकिल व वृद्धापेंशन प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर मंत्री ने गोद भाराई व अन्नप्राशन की रश्म अदायगी भी की। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, एन0आर0एल0एम0 विभाग, बैंक सम्बन्धी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

आयोजित कार्यक्रम में मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, उप जिलाधिकारी ओबरा प्यारे लाल मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, उप निदेशक कृषि जय प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी एच0आर0 मिश्रा, डी0सी0 एन0आर0एम0 ए0के0 जौहरी, पूर्ति कार्यालय के ए0आर0ओ0 रिपुसूदन आर्या, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहायक खण्ड विकास अधिकारी अजय सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# सोनभद्र के बेलछ रुदौली में मण्डित हुआ जनजाति गौरव दिवस

सोनभद्र । जनजाति गौरव दिवस का सुखद व आह्लादक रहा अवसर सोनभद्र सोनञ्चल वासियों के लिए। इन्हें अनेक उपहारों, उपकरणों, संयंत्रों से अलंकृत किया राज्यमंत्री संजीव गौड़, भारत सरकार के एडिशनल सचिव आई0 ए0 एस0 अजय तिवारी और जिलाधिकारी सोनभद्र चंद्रविजय सिंह ने।

जनजाति गौरव दिवस की धूम समूचे देश मे आच्छादित व मण्डित रही तो सोनभद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा卐 का बेलछ से शुभारम्भ हुआ। राज्यमंत्री संजीव गौड़ ने हरी झंडी दिखा कर आगाज किया मोटरसाइकिल यात्रा का और शुभारम्भ कार्यक्रम में अग्रगण्य रहे एडिशनल सचिव भारत सरकार अजीत तिवारी



के साथ जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह। बेलछ में दीप प्रज्वलित कर पूजनोत्सव सँग पुष्पाहार किया बिरसा मुंडा के छवि चित्र पर तीनों विभूतियों ने। बेलछ रुदौली में आयुष्मान कार्ड, एल0पी0जी0 गैस सिलेंडर, समाजकल्याण द्वारा साइकिल वितरण के साथ ही राज्यमंत्री, एडिशनल सचिव व डीएम ने एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओं को चेक वितरित किये तथा प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास की चाभी, टेरा फिल्टर सँग अन्यान्य उपकरण सामग्री वितरित करने का क्रम जारी रखा आद्योपांत समूचे आयोजन कार्यक्रम तक।

जिले के रहवासियों के चेहरे उल्लास के साथ पुलकित दिखे, खुशियों का प्रवाह दिखा जनजाति गौरव दिवस पर।

### सितंबर में ईएसआई योजना में 18.88 लाख नए श्रमिक

नयी दिल्ली । कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में सितंबर में 18.88 लाख शामिल किए गए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सितंबर में लगभग 22 हजार 544 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया। इसी माह के दौरान शामिल किए गए कुल 18.88 लाख कर्मचारियों में से, 9.06 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग के हैं, जो कुल कर्मचारियों के 47.98 प्रतिशत हैं।

# गाजे बाजे के साथ निकली गणेश लक्ष्मी की विशाल शोभायात्रा

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

सादुल्लानगर/बलरामपुर। गाजे बाजे के साथ बुधवार को शोभायात्रा निकालकर गणेश लक्ष्मी प्रतिमा का चोरघटा घाट के कुआनो नदी में विसर्जित किया गया। डीजे की धुन पर थिरकते युवा भक्ति रस में सरोवर रहे। लक्ष्मी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ पांच दिवसीय लक्ष्मी महोत्सव का समापन हो गया। अबीर गुलाल से सरोवर महिलाओं की आंखें झलक पड़ी। जय घोष के साथ जय लक्ष्मी माता के उद्घोष गुजते रहे। पटाखें के बीच में लक्ष्मी मैया अगले बरस तू जल्दी आ जा, के उद्घोष गुजते रहे। लक्ष्मी मैया मेरे बना दो बिगड़े काज जैसे गीतों से वातावरण भक्तिमय रहा। डीजे की धुन पर खूब अबीर गुलाल उड़ते हुए जमकर थिरके। शोभायात्रा में पुरुषों के साथ अधिकांश महिलाएं व युक्तियां भी शामिल रही। विधि विधान पूजन का पुरोहित पंडित ने प्रतिमाएं विसर्जित कराये।सादुल्लानगर बाजार मे मां लक्ष्मी पूजन के पश्चात बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के बाल गोपाल सेवा समिति के द्वारा



आयोजित किया गया।कमेटी के सदस्य प्रभात गुप्ता,अमन गुप्ता,दुर्गा गुप्ता,अंकित गुप्ता,गोलू गुप्ता,राजन गुप्ता,राजकमल,सूरज कमल,विष्णु गुप्ता,शिवम् गुप्ता,नीलेश गुप्ता,विपिन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल है। सादुल्लानगर क्षेत्र के गुमाफातिमाजोत,कुर्मिडीह, भेलयामदनपुर,परसिया,हसऊपुर,विशंभरपुर, अहिरौला,पतकरपुर ,रहमत पुर ,रामपुर अरना,अचलपुर,मनुवागढ़, आदि मे आयोजित पूजा पंडालो में बुधवार को पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। सादुल्लानगर मे कमेटी के द्वारा हलुवा का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बहरैची प्रसाद गुप्ता, रमेश चंद्र तिवारी,दीपचंद जायसवाल,राधेश्याम गुप्ता,विष्णुगुप्ता,राम लौटन गुप्ता,सुनील गुप्ता,आदि लोग व थाना प्रभारी बृजानंद सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# लोकसंगीत रंमंच महोत्सव ने शिवद्वार में अलौकिक आभा बिखेरी

## महान विभूतियों की स्मृति में हुआ सम्मान समारोह और बही लोकगीतों की बयार

सोनभद्र । दीपावली के अगले दिवस उमामहेश्वर दरबार शिवद्वार धाम में संध्या वेला से आरम्भ हुआ वृहत्तर कार्यक्रम सांस्कृतिक महोत्सव का। आयोजन का आगाज हुआ पूजनोपरांत सम्मान समारोह से , ततपश्चात बह चली सुर सरिता की धार लोकगीत संगीत की जो निबद्ध रही सुर सँग लय और ताल से।

दो महान विभूतियों का संस्मरण करते सिद्ध सन्त पण्डित शीतला प्रसाद चिर स्मृति सम्मान एवं भोजपुरी गीत सम्राट मुंशी मङ्गल लाल श्रीवास्तव चिर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया इनकी विधाओं कार्यों का अनुसरण करने वाले व्यक्तित्व के लोगों को। पण्डित शीतला प्रसाद शुक्ल स्मृति सम्मान से लोकजीवन को समर्पित कर देने वाले उत्तराधिकारी पुत्र पण्डित रामनिवास शुक्ल को तथा भोजपुरी काव्य सर्जना में आजीवन तल्लीन भाव से रत व समर्पित कवीश्री हरिद्वार यादव विह्वल को मुंशी मंगल लाल श्रीवास्तव चिर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। उत्तरप्रदेश संगीत नाट्य अकादमी के उपाध्यक्ष एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष दीपक सिंह ने दोनों सम्मान से क्रमवार सम्मानित किया अतिथि





रूप में लोक संगीत रङ्गमंच महोत्सव के मन्च से और सम्बद्धता रही समिति के संरक्षक साहित्यकार डॉ0 परमेश्वर दयाल पुष्कर की। पण्डित रामनिवास शुक्ल एवं हरिद्वार यादव विह्वल का पुष्पाहार से माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम्, स्मृति चिह्न अर्पित करते सपात्र नारिकेल भेंट किया दीपक सिंह व डॉ0 परमेश्वर पुष्कर ने लोकसंगीत रँग6मंच महोत्सव के मन्च से। दोनों विभूतियों के नामित सम्मान समारोह का करतल ध्वनि से स्वागत करता रहा उपस्थित जनसमुदाय जो बारम्बार अभिगुंजित होता रहा शिवद्वार धाम परिसर प्रशाल में। लोकसंगीत रङ्गमंच महोत्सव के तत्वावधान में आयोजन का प्रथम सोपान सम्मान समारोह अलंकृत हो देदीप्यमान हुआ इसी क्रमबद्धता में प्रशासन से उपस्थित अधिकारी प्रभारी निरीक्षक एवं प्रशासनिक अमले का भी अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न से सम्मान किया गया। डॉ0 परमेश्वर दयाल पुष्कर , देवचरन सिंह, उदित लाल अग्रहरि एवं अशोक मोदनवाल तथा डॉ0 एम0 एम0 यादव का भी सम्मान किया अध्यक्ष मुन्नर यादव , संस्थापक सिद्धनाथ विश्वकर्मा एवं मुरेश मौर्य ने मन्च से।

द्वितीय सोपान चरण आरम्भ हुआ लोकगीतों की जीवन्त व जाज्वल्यमान प्रस्तुतियों का और बह चली बयार मधुर मकरंद गीतों की। अतीव आकर्षक रही प्रस्तुति लोकगीत नृत्य सह गायन की जिसमें सोनञ्चल की लुप्त होती लोक विधाएं समाहित रहीं। कर्मा नृत्य गीत की मन्च से आह्लादक प्रस्तुति रही तो श्लाघ्य रही मनोहारी कोलदहकी नृत्य गायन विधा। इसे रामबली की पार्टी जत्थे के 40 सदस्यों ने संयुक्त रूप से साकार किया और अतिशय सराहना की उपस्थित दर्शक समूह ने। पाँच प्रान्तों से शिरकत करने वाले कलाकारों कवियों में प्रमुख रूप से सन्नद्ध रहे चंदौली से आये कवीश्री परमहँस सिंह और लखनऊ से आये कवीश्री मुरेश मौर्य तथा राजनाथ चंदौली , सिद्धनाथ और कवीश्री सूर्यनाथ व कमलेश विश्वकर्मा।

बिहार के औरंगाबाद से सुषमा एवं गया से गुड्डन लाल के गीत की मुक्त कण्ठ से सराहना की श्रोत्रि समुदाय ने। गजेंद्र प्रसाद पाण्डे का सम्मान किया गया इन सबके साथ जबकि लोकगीतों की प्रसंसनीय प्रस्तुति कड़ियों में अग्रगण्य रही मीना कौशल, रामधार रही, सोहन मौर्य, इंजीनियर शिवमूरतयादव, हीरापति यादव , राजकुमार यादव, नीतू चंचल मध्यप्रदेश, पूजा सक्तेशगढ़ जिनके गीत सराहे गए तो रातभर चले कार्यक्रम का सुबह समापन होने तक श्रोताओं के जनसैलाब आनन्द लेता डूबता उतरता गोते लगता अभिषिक्त होता रहा। आभार ज्ञापित किया अध्यक्ष मुन्नर यादव ने और कार्यक्रम का सफल संचालन किया हीरापति यादव व राजकुमार यादव ने संयुक्त रूप से।

# जातिगत आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे अखिलेश : मनोज राय

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व मऊ जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि जिस पार्टी का मुखिया अपनी सीट पर उप चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं जिता सका, उसके द्वारा भाजपा जैसी जनहितैषी पार्टी को हराने का दंभ भरना हास्यास्पद है। पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा देने वाले सिर्फ अपने परिवार को छोड़ किसी गरीब का भला नहीं किये और आज जातिगत आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। मनोज राय ने कहा कि पूर्वांचल की सीट पर एक भी दूसरी पार्टी जीत दर्ज नहीं कर सकती। सपा और बसपा भी गठबंधन करके देख चुकी हैं। कांग्रेस का उप्र में जनाधार नहीं है। ऐसे में किस आधार



पर अखिलेश यादव जीतने का दंभ भर रहे हैं। यह सोच से परे हैं। हकीकत तो वे भी जानते हैं कि लोकसभा चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। मनोज राय ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव की दृष्टि से नहीं, जनहितार्थ की दृष्टि से हर वक्त जनता के बीच रहकर काम करता है। आमजन की बातों को सरकार तक पहुंचाने का काम करता है। दूसरी पार्टियां सिर्फ सोशल मीडिया पर काम करती हैं। यही कारण है कि भाजपा हर घर में पहुंच चुकी है। आज स्थिति यह है कि परिवार का ही यदि एक सदस्य दूसरी पार्टी का नेता है तो दूसरा सदस्य भाजपा की विचारधार को मानता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग, हर धर्म के लिए काम किया है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी इस बात को जानते हैं और सहमत हैं। सरकार की किसी भी योजना में भेदभाव नहीं किया जाता, जबकि समाजवादी पार्टी की सरकार में नौकरियां भी कुछ परिवार के सदस्यों अथवा उनकी सिफारिश पर दी जाती थीं। व्यक्ति की योग्यता नहीं, सिफारिश करने व्यक्ति की पहुंच का आधार ही उसकी योग्यता निर्धारित करती थी।

# दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस में आग,बाल बाल बचे यात्री

इटावा। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर इटावा जिले के सराय भूपत रेलवे स्टेशन पर नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 02570 स्पेशल ट्रेन की तीन बोगियों में बुधवार शाम आग लग गयी। आग से कोई जनहानि नहीं हुयी है हालांकि यात्रियों का सामान बुरी तरह जल गया है। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली से दरभंगा जा रही क्लोन एक्सप्रेस की एस-1 बोगी में धुआं उठता देख चालक ने ट्रेन को इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन से दस किमी पहले सराय भूपत रेलवे स्टेशन पर शाम करीब साढ़े पांच बजे रोक दिया। ट्रेन के रूकते ही हड़बड़ाये रेल यात्रियों ने ट्रेन की बोगी से कूदना शुरु कर दिया जिससे करीब कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दो अन्य बोगियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इटावा और फिरोजाबाद से आयी दमकल की आठ गाड़ियों ने पानी की बौछार कर करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

# लोक एवं जननायक बिरसा मुण्डा की 148वी जयन्ती मनाई गयी

## बिरसा मुण्डा जन नायक के साथ राष्ट्र नायक भी है : पूनम मौर्या

वाराणसी। (पी एम ए)लोक एवं जननायक बिरसा मुण्डा की 148वी जयन्ती समारोह जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 'जनजाति भागीदारी उत्सव' बुधवार को संत रविदास आई.ए.एस./पी.सी.एस. कोचिंग सेन्टर बड़ालालपुर के सभागार में भव्य आयोजन किया गया। 'जनजाति भागीदारी उत्सव' समारोह का उद्घाटन पूनम मौर्या अध्यक्ष जिला पंचायत, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, डा. बनवारी लाल अध्यक्ष जनजातीय शोध विकास संस्थान तथा रितेश बिंदल जिला समाज कल्याण विकास अधिकारी द्वारा राष्ट्र नायक बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर भव्य रूप से किया गया।

मुख्य अतिथि पूनम मौर्या अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुण्डा जन नायक के साथ राष्ट्र नायक भी है उनका जीवन ऐसे स्वाधीनता संग्राम सेनानी की है जो सदैव राष्ट्रीय एकता के लिए



प्रेरणादायक है। हम सभी को उनके आर्दशो पर चलने की जरूरत है। वर्तमान सरकार आदिवासी समाज के विकास एवं संरक्षण के लिए सतत प्रयासरत है। सरकार द्वारा समय-समय पर जनजाति समाज के कल्याण के बहुत सी सरकारी योजनाए संचालित है। उन्होंने जनजाति समाज के लोगो से अपील की, कि वे जनजाति विकास विभाग की योजनाओं का लाभ उठाए।समारोह की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने अपने संबोधन में कहा कि जननायक बिरसा मुण्डा ने असंगठित एवं कमजोर आदिवासी जनजाति समाज को विदेशी हुकुमत के विरूद्ध (लड़ाई लड़ी और उनका नेतृत्व भी किया।बिरसा मुण्डा जी ने नारा दिया 'मावा माटी- मावा राज ' अर्थात् मेरी धरती मेरा राज। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी जनजाति समाज के कई योजनाओं का भी उल्लेख किया। समारोह में आदिवासी विचारक डा. बनवारी लाल अध्यक्ष जनजातीय शोध विकास संस्थान ने अपने विचारों में कहा कि आज वर्तमान आदिवसी समाज को शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रांति की जरूरत है, जो बिरसा मुण्डा जैसे स्वाधिनता संग्राम सेनानियों के विचारो पर चलकर मिल सकती है। जनजाति गौरव दिवस आदिवासी समाज को अपने राष्ट्र निर्माण एवं एकता त्याग बलिदान की सदैव याद दिलाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा आदिवासी समाज के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आदिवासी विद्वानों को सम्मान पत्र एवं पिला वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। समारोह में गोंडी नृत्य, गीत का मंचन सभी का मन मोह लिया।

# शार्ट न्यूज

### दूर-दराज के जनजातीय समुदायों के लिए भेजे गए सूचना-संचार वाहन

नयी दिल्ली। सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश को दूर दराज के जनजातीय आबादी वाले इलाकों तक पहुंचाने के विशेष अभियान के तहत बुधवार को देश में करीब 70 जिलों में विशेष रूप से डिजाइन किए गए सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) वैन (वाहन) रवाना किए गए। जनजातीय समुदाय के नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन (जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई और इसके तहत पांच विशेष वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गईं। सूचना प्रसारण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार विकसित भारत अभियान का लक्ष्य अंतत: 25 जनवरी 2024 तक देश के हर जिले से गुजरते हुए 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 3,600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है। इस पूरे अभियान की योजना और कार्यान्वयन राज्य सरकारों, जिला अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी एवं संलग्नता के साथ %संपूर्ण सरकार% के दृष्टिकोण से किया जा रहा है।

### ताकत ही वैश्विक व्यवस्था और शांति को परिभाषित करती है : धनखड़

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार कहा कि ताकत ही वैश्विक व्यवस्था तथा शांति को परिभाषित करती है और कमजोर स्थिति में रहकर न तो कोई शांति की बात कर सकता है और न ही शांति स्थापित कर सकता है। धनखड़ ने बुधवार को यहां नौसेना द्वारा आयोजित हिन्द-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2023 में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि आज का भारत वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को संजोते और उसका पालन करते हुए संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी सोच तथा भावना पर आधारित विश्व व्यवस्था का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि इस आदर्श स्थिति को अमलीजामा तभी पहनाया जा सकता है, जब आप इसके लिए मजबूत और सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य तथा महान वैश्विक विभूति स्वामी विवेकानंद ने भी इसका संकेत देते हुए कहा था , आपकी ताकत वैश्विक व्यवस्था को परिभाषित करेगी, आपकी ताकत शांति को परिभाषित करेगी। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत एक अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। भारत को वैश्विक स्तर पर शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी।

### लखनऊ पहुंचा सहाराश्री का पार्थिव शरीर

लखनऊ। देश के दिग्गज उद्योग समूह 'सहारा इंडिया परिवार' के मुखिया सुब्रत रॉय सहारा का पार्थिव शरीर बुधवार शाम उनके निवास स्थान 'सहारा शहर' पहुंच गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर गोमतीनगर स्थित भैसाकुंड श्मशान घाट पर किया जायेगा। रॉय का पार्थिव शरीर विशेष विमान से आज शाम करीब पांच बजे लाया गया जहां से सड़क मार्ग से काफिला सहारा शहर पहुंचा। सहारा शहर में बड़ी संख्या में मौजूद सहारा परिवार के सदस्यों (कर्मचारियों) ने 'सहाराश्री' अमर रहें के नारे लगाये और अश्रुपूरित नेत्रों से उनके दर्शन किये। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सहारा शहर पहुंच कर दिवंगत उद्योगपति को अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की और निकट संबंधियों को ढाढस बंधाया। सहारा समूह की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया सहारा इंडिया परिवार के मुख्य अभिभावक एवम् चेयरमैन सहारा श्री का निधन मुंबई में हो गया है। उनके पार्थिव शरीर को मुंबई से आज (15 नवंबर) उनके लखनऊ स्थित आवास सहारा शहर गोमतीनगर लाया जा रहा है,जहां शाम पांच बजे अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा।

### कांग्रेस भ्रम फैलाने वाली पार्टी, झांसे में मत आना

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि प्रदेश की जनता इनके झांसे में मत आए, ये झूठ की दुकान है। अगर कांग्रेस भूल से भी आ गई तो सब खत्म हो जाएगा। चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सोहागपुर, पिपरिया, घोड़ाडोंगरी, खातेगांव, आष्टा, इछावर, भोजपुर, कुरवाई, भोपाल उत्तर, नरेला और हुजुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों बाई-बहन रोज झूठ बोलते हैं। इन्होंने कहा था किसानों का कर्जमाफ कर देंगे लेकिन कर्जमाफी तो दूर उल्टा किसानों को डिफाल्टर बना दिया। इन्होंने कहा था कि, बेरोजगारों को भत्ता देंगे लेकिन एक धेला नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्होंने कहा था कि, हम हम समर्थन मूल्य पर बोनस देंगे लेकिन नहीं दिया। एक भी वादा पूरा नहीं किया। वाड्रा कह रही थी कि भगवान राम 13 साल के लिए वनवास गए थे। फिर कह रही थीं कि पेट्रोल-डीजल पर जीएसटी लगता है। अब श्री गांधी और प्रियंका ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भेल बेच दिया है।

### कमलनाथ ने भाजपा पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

सिवनी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप हुए कहा कि आज प्रदेश भ्रष्टाचार में पूरे देश में नंबर वन है, ऊपर से लेकर नीचे तक भ्रष्टाचार की पूरी व्यवस्था बनी हुई है। प्रदेश का हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या गवाह है। कमलनाथ ने जिले के सरेखा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग परेशान है, महिलाएं, युवा सब परेशान हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। उन्होंने कहा कि आज आपके बीच में आकर मुझे बहुत ख़ुशी है और आपके जो उम्मीदवार है वो मेरे प्रीतिनिधि भी है। आज प्रदेश की तस्वीर आपके सामने है भाजपा ने प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे नौजवानों को देखते हैं तो उन्हें बड़ी चिंता होती है, क्योंकि इन नौजवानों से पूरे मध्यप्रदेश का निर्माण होना है, लेकिन अगर इन्हीं का भविष्य अंधकार में रहा तो किस तरह से निर्माण होगा।